


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 201

ग्वालियर, शुक्रवार, 10 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### खजुराहो से नई दिल्ली को जोड़ने वाली वायुयान सेवा पुनः प्रारंभ की जाये



**भोपाल।** श्रम एवं खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। मंत्री श्री सिंह ने बुन्देलखण्ड के विश्व विख्यात पर्यटन स्थल खजुराहो को नई दिल्ली से जोड़ने वाली वायुसेवा को पुन॰ प्रारंभ करने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के दौरान नई दिल्ली से खजुराहो वायुयान सेवा बंद कर दी गई थी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अक्टूबर माह से नई दिल्ली से खजुराहो वायुयान सेवा पुन॰ प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि खजुराहो से मुम्बई वायुयान सेवा भी शीघ्र प्रारंभ की जायेगी।

### जल्द मंहगी हो सकती हैं सीमेंट, जल्द निपटा ले घर बनाने का काम

**नई दिल्ली (ए)।** देश में सीमेंट की कीमतों में उछाल आने की संभावना है।अनुमान के पीछे कारण है कि मॉनसून सीजन खत्म होने के बाद मांग में तेजी आएगी।बाजार जानकारों का कहना है कि अभी से देश के कुछ हिस्सों में सीमेंट की मांग में तेजी आनी शुरू भी हो गई है। सीमेंट की कीमतों में आखिरी तेजी जून 2021 में आई थी। उसके बाद जुलाई और अगस्त माह में सीमेंट की मांग गिर गई। इसकी प्रमुख वजह, मॉनसून था। इसके अलावा बढ़ता कॉम्पिटीशन भी कीमतों में कमी की एक वजह है।अगस्त में सीमेंट प्राइस लगभग 3 फीसदी गिरकर 328 रुपये प्रति 50 किलो पर आ गया। ईस्टर्न रीजन में कीमत 6 फीसदी गिरी थी। लेकिन अब सीमेंट कंपनियों को उम्मीद है कि मॉनसून सीजन खत्म होने के बाद अक्टूबर से सीमेंट की डिमांड में वृद्धि होगी, इसका असर कीमतों में इजाफे के रूप में सामने आएगा। देश के दक्षिणी हिस्से में मांग में तेजी आनी शुरू भी हो चुकी है।सीमेंट की डिमांड बढ़ने की एक वजह यह भी है कि केन्द्र सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स पर खर्च बढ़ा रही है। इसके अलावा राज्य सरकारें भी हाउसिंग, रोड आदि प्रॉजेक्ट्स पर खर्च कर रही हैं।

### भारतीय रेल भविष्य के लिए हो रही तैयार

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय रेल ने रेलवे के समक्ष उपस्थित कई बाधाओं के कारण कई वर्षों से लंबित रखरखाव के कार्य के निष्पादन पर ध्यान केंद्रित किया है। इस श्रृंखला में, भारतीय रेल ने पश्चिम मध्य रेलवे जोन की भोपाल-इटारसी तीसरी लाइन परियोजना के बारखेड़ा-बुदनी (26.50 किमी) खंड के बीच बड़ी लाइन तीसरी लाइन के लिए व्यापक तरीके से प्रमुख सुरंग निर्माण कार्य आरंभ किया है। भारतीय रेल की पीएसयू, रेल विकास निगम लिमिटेड मध्य प्रदेश के सीहोर तथा रायसेन जिलों में पश्चिम मध्य रेलवे की भोपाल डिवीजन की भोपाल-इटारसी रूट पर बारखेड़ा-बुदनी के बीच तीसरी विद्युतकृत ब्रौड गेज की रेल लाइन के संबंध में कंकड़ रहित ट्रैक वाली एनएटीएम (नई ऑस्ट्रियन सुरंग निर्माण पद्धति) के साथ पांच सुरंगों का निर्माण कर रही है। इससे दिल्ली-चेन्नई रूट के गोल्डेन डायगनल पर भीड़भाड़ में कमी आएगी। तीसरी लाइन की कमीशनिंग के साथ रेलगाड़ियां बीना-भोपाल-इटारसी खंड के बीच 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी।

### दंगल में उत्तराखंड के पहलवान की गर्दन टूटने से मुरादाबाद में मौत

**मुरादाबाद (ए)।** यूपी के मुरादाबाद जिले में बिना प्रशासन की अनुमति के हुए दंगल के दौरान एक पहलवान ने दम तोड़ दिया। घटना 2 सितंबर की है जिसमें साजिद अंसारी नामक पहलवान ने उत्तराखंड के पहलवान महेश को 5 सेकंड में ही पटकनी दे दी। जिसकी वजह से महेश की गर्दन टूट गई। लेकिन वहां पर मौजूद किसी ने भी उसकी मदद नहीं की बल्कि सबसे के सब साजिद अंसारी के दांव पर तालियां पीट रहे थे। साजिद अंसारी के दांव को उतराखंड का पहलवान समझ नहीं पाया और उसकी गर्दन टूट गई। वह जमीन पर तड़पता रहा लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। बाद में कुछ लोगों ने गर्दन सीधी करने का प्रयास किया लेकिन समय पर उपचार नहीं होने पर महेश की मौत हो गई। दंगल के दौरान महेश की मौत हो गई। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी। इस पंचायत में मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया। पंचों ने 60 हजार रुपए में समझौता कराया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गतिविधियों और कार्यक्रमों के संबंध में ली बैठक

# प्रधानमंत्री के जन्म-दिवस पर 20 वर्षों के सुशासन और कल्याणकारी कार्यों के लिए दी जाएगी आदरांजलि: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म-दिवस 17 सितम्बर को है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार 7 अक्टूबर 2001 को शपथ ली थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 71वें जन्म-दिवस और गुजरात के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए सुशासन देने के लगातर सफल 20 वर्ष पूर्ण करने पर राज्य सरकार विकास कार्यों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरूआत करेगी। प्रदेश में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री मोदी को विनम्र आदरांजलि होंगे। मुंख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस 17 सितंबर को वृक्षारोपण और वैक्सीनेशन महाअभियान का संचालन होगा।



स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, पर्यावरण, किसान-कल्याण, ऊर्जा, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, औद्योगिक विकास, ग्रामीण विकास, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ इस अवधि में संचालित की जाएंगी। प्रदेश के गरीबों, महिलाओं, बच्चों, पिछड़ों, मजदूरों, अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण और विकास के लिए कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

**71 हजार विद्यालयों में 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का होगा रोपण:** बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 71 हजार विद्यालयों में 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का रोपण होगा। अंकुर अभियान में इन सभी पौधों की फोटो एक माह बाद अपलोड की जाएगी। वन विभाग द्वारा 63 क्षेत्रीय वन मंडलों और 8 वन विद्यालयों इस प्रकार 71 स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जाएंगे। किसान-कल्याण के अंतर्गत 71 बीज ग्रामों का शुभारंभ, 71 कृषक उत्पादक संगठनों का गठन और कृषि अधोसंरचना निधि के 71 प्रकरणों में राशि का वितरण किया जाएगा।

**71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को होगा छात्रवृत्ति का भुगतान :** प्रदेश की 71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को छात्रवृत्ति का भुगतान और मातृ वंदना योजना के 7100 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया जाएगा। कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आये 7100 बच्चों की माताओं को पोषण अधिकार सूचना-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में 71 आँगनवाड़ी, 7100 वाटिकाओं और 71 विद्यालय भवनों का लोकार्पण एवं 71 बालिका छात्रावासों का भूमि-पूजन भी इस अवधि में होगा।

## स्कूलों में भाषा और सामाजिक विज्ञान की अनदेखी नहीं कर सकते: नायडू



**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने विश्वविद्यालयों से अच्छी तरह से विकसित व्यक्तियों को तैयार करने और हमारे जनसांख्यिकीय लाभांश की पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए उच्च शिक्षा में बहु-विषयकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में कई कैरियर प्रक्षेपवक्रों के लिए कर्मचारियों को विविध क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान की आवश्यकता होगी। नायडू ने उदार कलाओं के पुनरुद्धार और एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रमों के साथ उन्?हें जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न आकलनों से पता चला है कि कला और सामाजिक विज्ञान के संपर्क से छात्रों में रचनात्मकता, बेहतर आलोचनात्मक सोच, उच्च सामाजिक और नैतिक जागरूकता तथा बेहतर टीम वर्क के साथ-साथ और संवाद कौशल में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि 21वी21वी सदी की अर्थव्यवस्था में, जहां अर्थव्यवस्था का कोई भी क्षेत्र अकेले काम नहीं कर सकता, ऐसे गुणों की अत्यधिक मांग है। नायडू ने मानविकी की पृष्ठभूमि के छात्रों को नवीनतम प्रौद्योगिकीय बदलावों से अवगत होने के महत्व को भी रेखांकित किया, ताकि वे अपने शोध अध्ययनों में इन प्रगतियों को लागू कर सकें।

नायडू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में प्राचीन काल से समग्र शिक्षा की एक 'परंपरा' थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ऐसी समग्र शिक्षा के महत्व को पहचानती है और विषयों के बीच 'कठोर और कृत्रिम बाधाओं' को तोड़ने का प्रयास करती है। उपराष्ट्रपति ने आईआईटी बॉम्बे जैसे कॉलेजों के प्रयासों की सराहना की, जिसने हाल ही में एक अंतर्विषयी स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किया है, जिसमें एक पाठ्यक्रम में लिबरल आर्ट्स , विज्ञान और इंजीनियरिंग शामिल हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्य संस्थानों को भी बहु-विषयक पाठ्यक्रमों की पेशकश करने के लिए आगे आना चाहिए। नायडू ने स्कूलों में रटकर सीखने की प्रथाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे छोटी उम्र से ही बच्चों में कला और साहित्य के प्रति जिज्ञासा पैदा करें। नायडू ने कहा, ''विज्ञान और इंजीनियरिंग के शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों में जगह बनाने की दौड़ में, हम भाषाओं और सामाजिक विज्ञान जैसे स्कूलों में आवश्यक विषयों की अनदेखी कर रहे हैं।' नायडू ने नए केन्द्र की स्थापना के लिए केआरईए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और प्रशासन एवं मोटूरी सत्यनारायण के परिवार की सराहना की।

## अनिल अंबानी ने दिल्ली मेट्रो केस जीता, 46 अरब मिलेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने आर्बिट्रेशन अवॉर्ड उनके पक्ष में बरकरार रखा

**नई दिल्ली (ए)।** देश के बड़े कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अनिल अंबानी ने दिल्ली मेट्रो के खिलाफ 4 साल पुरानी एक लड़ाई को जीत लिया है। यह लड़ाई एक आर्बिट्रेशन अवॉर्ड से धन के नियंत्रण को लेकर थी, जिसे लेकर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का कहना है कि उसे उधारदाताओं का बकाया चुकाने के लिए इसकी जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के दो-न्यायाधीशों के पैनल ने गुरुवार को 2017 के आर्बिट्रेशन अवॉर्ड को अनिल अंबानी की इकाई के पक्ष में बरकरार रखा। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार,



मध्यस्थता न्यायाधिकरण का अवॉर्ड ब्याज सहित 46.6 अरब रुपए (63.2 करोड़ डॉलर) से अधिक का है। यह फैसला अंबानी के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है क्योंकि उनकी दूरसंचार कंपनियां दिवालियापन में हैं और वह देश के सबसे बड़े ऋणदाता द्वारा दर्ज एक व्यक्तिगत दिवाला मामला लड़ रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी), रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर इकाई को 46.6 अरब रुपए हर्जाने का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है।

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की इकाई ने 2008 में दिल्ली मेट्रो के साथ देश का पहला प्राइवेट सिटी रेल प्रॉजेक्ट 2038 तक चलाने का अनुबंध किया था। 2012 में शुल्क और संचालन पर विवादों के बाद, अंबानी की फर्म ने राजधानी के एयरपोर्ट मेट्रो प्रॉजेक्ट का संचालन बंद कर दिया और अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए दिल्ली मेट्रो के खिलाफ मध्यस्थता का मामला शुरू किया। साथ ही टर्मिनेशन फीस भी मांगी। कोर्ट के आदेश के बाद रिलायंस इंफ्रा के शेयरों में 5फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कंपनी के वकीलों ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि रिलायंस कर्जदाताओं को भुगतान करने के लिए पैसे का इस्तेमाल करेगी।

## डेढ़ साल की बजाय 15 दिन में बना देंगे सेना के लिए हवाई पट्टी : नितिन गडकरी


**नई दिल्ली (ए)।** राजस्थान में पाकिस्तान से लगती सीमा से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 225 पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हरक्यूलिस विमान से उतरकर इतिहास रच दिया। दोनों केंद्रीय मंत्रियों के साथ इंडियन एयर फोर्स के चीफ आरकेएस भदौरिया भी शामिल थे। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने किया है। इसके तहत बाकासर गांव के समीप 39.95 करोड़ रूपये की लागत से एयर स्ट्राइक बनाई गई है। केंद्रीय मंत्रियों ने दिल्ली से उड़ान भरी थी तथा जालोर जिले में अडगांव में बनी



आपात हाईवे पट्टी पर उतरे। आपात लैंडिंग की सुविधा के लिए यह हवाई पट्टी बनाई गई है। इस पर आज सुखोई और जगुआर विमानों ने टच डाउन किया। एक सुखोई विमान को हवाई पट्टी पर पार्क भी किया गया। आसमान पर हरक्युलिस, जगुआर एवं सुखोई विमान की गड़गड़ाहट के बीच रक्षामंत्री ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की। यह पहला मौका था, जब देश में हरक्यूलिस, सुखोई जैसे विमान हाईवे पर गरजे। इमरजेंसी लैंडिंग के लिए बनी हवाई पट्टी को रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पाकिस्तान से चंद किलोमीटर की दूरी पर स्थित इससे आपातकाल में सैन्य ऑपरेशन चलाने में सुविधा मिल सकेगी। इस मौके पर नितिन गडकरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश कई और जगहों पर इस तरह की हवाई पट्टी बनाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली से आते हुए वायुसेना चीफ ने कहा कि हमें सैन्य हवाई पट्टी में डेढ़ साल तक का वक्त लगता है।







# जिला प्रशासन के अथक प्रयास एवं डोर टू डोर सर्वे से नहीं रहेगा कोई कोविड टीकाकरण से वंचित



भिण्ड, ब्यूरो।

कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से भिण्ड जिले की जनता को सुरक्षित रखने  नगर व ग्रामीण क्षेत्र में 18 वर्ष से ऊपर प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगवाने की मुहिम जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य अमले द्वारा चलाई जा रही है।

इस मुहिम में नगर के वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी केंद्रो पर टीकाकरण की प्रथम डोज से शेष उन सभी लोगों को पहली डोज लगवाने के लिए सर्वे दल द्वारा घर-घर जाकर उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित व जागरुक कर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। जिनको कोविड-19 वैक्सीनेशन की एक भी डोज नहीं लगी है और पूर्णता स्वस्थ हैं उन सभी को पहली डोज लगवाने के लिए घर घर पहुंच कर प्रेरित किया जा रहा है एवं उन्हें टीकाकरण करवाने के लिए शपथ दिलाई जा रही है व मास्क लगाने के लिए, सामाजिक दूरी, कोविड गाइडलाईन का पालन करने के लिए भी जागरूक किया जा  रहा है।

कोविड-19 टीकाकरण से कोई परिवार वंचित न रह जाए। इसके लिए मेडिकल एवं नगरीय निकाय घर-घर सर्वे का कार्य कर रही हैं। सर्वे में 18 वर्ष से ऊपर के जो लोग टीकाकरण से शेष रह गए हैं, उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जिससे वह इस महाअभियान में शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना सहयोग दे सकें। टीकाकरण के प्रति भ्रमित होकर लोग संक्रमण से प्रभावित हो सकतें हैं। शेष लोगों को टीका के प्रति जागरूक कर उन्हें जीवन रक्षक टीका से प्रतिरक्षित किया जा रहा है। जिससे टीकाकरण का सही मूल्यांकन किया जा सके। साथ ही बचे हुए लोगों को टीका के लिए जागरूक किया जा सके। इसके लिए विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों व विभिन्न कार्यालयों पर भी टीकाकरण सत्र का आयोजन शुरू किया गया। जिससे काफी हद तक लोगों को उनके कार्यस्थल पर ही टीकाकरण किया जा चुका है।

सर्वे के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की मदद से जिले के प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अथक प्रयास से निःशक्तजन, वृद्धजन जो टीकाकरण केन्द्र तक जाने में असमर्थ हैं, टीकाकरण से वंचित नहीं रह सकेंगे। और संभावित तीसरी लहर से पूर्व जिले में शत् प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण होकर कोई व्यक्ति टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा।

## घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



भिण्ड। मिहोना टीआई संजय सोनी निजी काम हेतु जा रहे थे दबोह तभी, काँक्सी हनुमान जी मोड़ के पास बाइक सवार बुरी तरह से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा देख टीआई ने अपने वाहन को रोका और उसको उठाकर लहार चिकित्सालय में भर्ती कराया। मिहोना टीआई संजय सोनी निजी काम हेतु दबोह की तरफ अभी चंद मिनिटों पहले जा रहे थे, तभी काँक्सी हनुमानजी मंदिर मोड़ के पास एक बाइक सबार बुरी तरह से धायल होकर सड़क किनारे पड़ा हुआ दम तोड़ रहा था, अपने पशुओं को चरा रहे चारावाहकों का जमघट जुड़ा हुआ था। तभी भीड़ को देखकर टीआई साहब ने अपना निजी वाहन रोककर वहाँ की परिस्थिति को देखा तो एक उम्र 25 से 30 वर्ष के लगभग व्यक्ति बुरी तरह से घायलावस्था में पड़ा था, सिर व मुख से खून निकल रहा था, लेकिन डायल-100 व 108 को लेट होता देख मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी ने तत्काल अपने स्कारपियो वाहन में उस घायल को चालक की सहायता से उठाकर लेठाया और तत्काल लहार चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया। उन्होंने घायल को भर्ती कर लहार पुलिस को सूचना दे दी, लहार पुलिस मौके पर पहुँच चुकी है।

जानकारी के अनुसार मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी को लोग फरिश्ता कहते नजर आये, कि साहब न होते तो इस घायल को कौन ले जाता, चिकित्सालय, जरा से लेट हो जाने पर कुछ भी अनहोनी हो सकती थी, ग्रामीण यही कहे रहे थे कि कई लोग इस घायल को देखकर अपने वाहन को रोक भी नहीं रहे थे, किसी ने इस घायल को अस्पताल पहुँचाने में जहमत नहीं उठाई।

## युवाओं का नये रोजगार के प्रति लगाव देश के विकास में महती भूमिका निभाता है : अम्बरीश शर्मा



भिण्ड। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) ने आलमपुर पहुंचकर देवेंद्र मिश्रा (बेरखेरा वाले) के नवीन प्रतिष्ठान मिश्रा टाइल्स ग्रेनाइट × सेनेट्री हाउस देभई  चौराहे पर भव्य शुभारंभ किया, दुकान के मालिक देवेन्द्र मिश्रा द्वारा माँ पीताम्बरा की तस्वीर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । इस मौके पर सुभाष अग्निहोत्री, भगवती दुबे, रणवीर कौरव, देवेन्द्र उपाध्याय, राजेश पटैल,जितेन्द्र कौरव पार्षद, आनंद तिवारी, नवलकिशोर मिश्रा, टिंकू दीक्षित, रज्जन छागला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अम्बरीश शर्मा ने स्वदेश के पूर्व संपादक कल्यान सिंह कानूनगो के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और मार्गदर्शन लिया, कानूनगो ने उनको देवी अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर सौंपी एवं शॉल-श्रीफल से उनका स्वागत किया। इसी के साथ वे अमाह एवं दबोह क्षेत्र में शोक व्यक्त करने पहुँचे।



## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया में मिलेगा ऋण

### 04 सितम्बर से किसान समृद्धि अभियान

भिण्ड । देश के अन्नदाता किसानों के सम्मान में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की सभी शाखाओं में 20 सितम्बर 2021 तक किसान समृद्धि अभियान चलाया जा रहा है किसानोन्मुख इस अभियान में जिले की सभी शाखाओं द्वारा अलग-अलग तिथि में शाखा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बैंक से जुडे कृषक एवं जो कृषक बैंक से नहीं जुडे है उनको भी विभिन्न प्रकार के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के विभिन्न शाखाओं द्वारा कृषकों के आर्थिक सहयोग हेतु किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन ऋण, ट्रेक्टर ऋण, थ्रेसर ऋण, वेयर हाऊस, कोल्ड स्टोर, एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रचर फंड के तहत ऋण पीएमएफएमई के तहत ऋण, कृषक उत्पादक संगठन ऋण एवं अन्य कृषि उपकरण हेतु ऋण की सुविधायें भी उपलब्ध करायी जायेगी। जिले के किसान इस विशेष अभियान में नजदीकी शाखाओं से संपर्क कर कृषि उन्नति के अपनेसपने को साकार कर सकते है। अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार वर्मा द्वारा बताया गया किसेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा किसानों के उन्नति की यह अनोखी पहल खासकर ग्रामीण व अर्द्धशहरी शाखाओं में विशेष रूप से अभियान चलाकर की जा रही है जहां किसानों के लिए कृषि ऋण के अतिरिक्त गृह ऋण व वाहन ऋण भी सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि किसानों के सम्मान व आर्थिक सहयोग हेतु जिले के सभी बैंक शाखाओ में चौपाल का आयोजन भी किया जाना है।

## संध्या राय ने श्रीनगर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण संबंधी बैठक में हुई शामिल





### सांसद संध्या राय ने श्रीनगर में आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के लिए रखे अपने सुझाव

भिण्ड। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रीनगर प्रवास पर पहुंची जहां उन्होंने अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति का अध्ययनरत दौरा किया। जहां उन्होंने समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण अपने सुझाव रखे और कहा कि वहां के लोगों से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं को भी संचालित किया है। श्रीनगर भारत का अभिन्न अंग है संसदीय दल ने वहां का दौरा कर समाज के लोगों की सुरक्षा संबंधित मुद्दों पर भी अपने विचार विमर्श किए ताकि भारत सरकार की सामाजिक योजनाओं को उनके हर प्रवर्तक पहुंचाई जा सके।

### जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने से लोगों के जीवन में हुए कई बदलाव

भाजपा सांसद श्रीमती राय ने बताया कि उन्होंने अपने आठ दिवसीय श्रीनगर दौरे के तहत जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद जनता के बीच के बदलाव को देखा उन्होंने कहा कि भारत सरकार की जो भी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत योजना उज्जवला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं वहां के लोगों के बीच पहुंचे ताकि उनका विकास हो। सांसद ने राज्य सरकार को निर्देशित किया करते हुए कहा कि भारत सरकार की विकास जनकल्याण योजनाएं श्रीनगर के प्रत्येक गरीब मजदूर झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब रथ के लोग किसानों एवं आम जनों के बीच पहुंचे ताकि उनका विकास इन योजनाओं से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ें। सांसद राय ने बताया कि 3:00 से 8 सितंबर तक 23 संसदीय दल के साथ श्रीनगर का उन्होंने संपूर्ण भ्रमण कर लोगों से पूछताछ की और उनकी समस्याओं को सुना जिसमें पूरे भारत से 23 सांसदों को शामिल किया गया।

## मौ में हुई चोरी की घटना को देखकर लहार पुलिस सतर्क

### लहार थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में बैंकों एवम सराफा में कराई चेकिंग

भिण्ड। जिले के मौ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधी मार्केट में अज्ञात बदमाशों द्वारा हुई चोरी की घटना को लेकर आज लहार पुलिस सतर्क नजर आयी और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एवं एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया ने लहार कस्बे में सभी बैंकों को चेक किया वहाँ के सी.सी.टीव्ही कैमरों को चेक किया जहां कैमरे सही नही पाए गए उन्हें कैमरे सही करबाने की समझाइस दी गयी उसके बाद लहार पुलिस का एक जत्था सराफा बाजार में पहुँचा ओर वहां दुकानों में जो कैमरे लगे उन्हें चेक किया जहां कैमरे नही थे उन्हें लगाने की हिदायत दी और जिनके कैमरे सिर्फ दुकानों के अंदर लगे थे उनसे कैमरे बहार करने की अपील की उसके बाद लहार में सामान लेकर घूमने



बालो की भी चेकिंग की गई ओर लहार नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस नजर आयी।

### सुनिये क्या बोले अधिकारी

जिले के मौ थाने में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज बैंक एवं सर्राफा बाजार को चेक कराया गया वहां घूमने बाले संदिग्धों को चिन्हित करके जल्द ही उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यबाही की जाएगी ब्यापारियों से अपील की गई है कि अपनी दुकानों के बहार कैमरे अबश्य लगबायें जिससे चोरी जैसी बारदातों को रोका जा सके।

**कुशल सिंह भदौरिया थाना प्रभारी लहार**

## अवैध शराब फैक्ट्री पर छापा, गोरमी थाना प्रभारी की अहम भूमिका

### गोरमी थाना प्रभारी सुरेशचन्द्र शर्मा की दूसरी कार्यवाही सौधा गांव में

मेहगांव । गोरमी पुलिस का अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पर छापा थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा की सौधा गांव मे दूसरी बडी कार्यवाही सौधा गांव में अबैध शराब बनाने की फैक्ट्री से 32/पैटी अबैध देशी शराब, 50 लीटर शराब बनाने का केमिकल, (ओपी) और शराब बनाने की मशीन सहित कंपनीयो का वारदाना जप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक अति 0 पुलिस अधीक्षक भिडं कमलेश कुमार खरपुसे एसडीओ पी मेहगांव आर के एस राठौर के निर्देशन में बीते गुरूवार मुखविर की सूचना पर सौधा गांव मे रात्रि 8 बजे मंगल सिह पुत्र पूरन सिह जादौन , शिवराज पुत्र कपूर सिह जादौन निवासी ग्राम सौधा थाना क्षैत्र गोरमी मे फैक्ट्री लगाकर भारी मात्रा मे शराब बनाने का कार्य संचालित कर रहे है, उक्त सूचना पर दविश दी गई तो आरोपी मंगल सिह पुत्र पूरन सिह जादौन उम्र 56 साल को मौके से पकडा गया,

शिवराज पुत्र कपूर सिह जादौन उम्र 25 साल निवासी ग्राम सौधा पुलिस को देखकर फरार हो गया, आरोपीगणों के गोदाम से 32 पैटी  देशी प्लेन शराब , 50 लीटर ओपी  केमिकल, एंव क्वाटर सील करने की मशीन , क्वाटर के ढक्कन 1000 नग खाली क्वाटर 1000 नग रैपर 600 नग शराब पैकिंग करने के 55 खाली कार्टून,



हौलमार्क का बंडल, (2000 होलमार्क) एक बडा सैलो टेप शराब ग्रैब्डी नापने का मीटर, बरामद किया गया। आरोपी गणो के बिरुद्ध थाना गोरमी मे अप0 क्र0 250/21 धारा 34(1) व 34(2) 49 ए आवकारी एक्ट का कायम किया गया आरोपी से ओपी शराब के संबंध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है,

### इनकी रही अहम भूमिका

छापामार कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, उनि0 सुनिल शिकरवार , उनि0 वैभव तोमर, उनि 0 सुरेश शुक्ला, प्र आ0 1007 कौशलेंद्र सिह, प्र आ0 1070 रामौतार, आर0 964 प्रथ्वी राज , आर0 319 सौरभ शर्मा, आर0 785 पंकज शुक्ला, आर0 704 मुन्नेश आर0 1098 अम्रत सिह शामिल रहे।

### लंबे समय से चल रहा था अवैध शराब और नकली मावा बनाने का कारोबार:

बताया जा रहा  है कि ग्राम सौधा मे अबैध शराब बनाने फैक्ट्री एंव नकली मावा, नकली पनीर, नकली घी बनाने का कारोवार के अबैध संचालन की यथास्थिति को देखते हुऐ लगता है उपरोक्त अबैध कारोवार ततकालीन न होकर लंबे समय से संचालित रहा होगा। मगर आज तक बदस्तूर संचालित होकर वैखौफ जारी रहा। पुलिस को इस अबैध गोरखधंधे की कानो कान खबर नही हुई। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के पदस्थापना होते ही एक के बाद एक माफियाओं पर ताबडतोड कार्यवाही से गोरमी क्षैत्र मे अबैध कारोबारियों पस्त होते नजर आने लगे।

## गुर्जर प्रतिहार वंश ने अरब के इस्लामिक आक्रांताओ से 300 वर्षों तक धर्म और संस्कृति की रक्षा की : मुकेश गुर्जर

मेहगांव। मेहगांव अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के द्वारा नगर परिसर मेहगांव नाथू बाबा मन्दिर में अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुकेश गुर्जर छुन्ना राष्ट्रीय संग टन सदस्य ने कहा कि गुर्जर प्रतिहार वंश ने अरब के इस्लामिक आक्रांता उसे 300 वर्षों तक धर्म और संस्कृति की रक्षा की



। भारत के इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के योगदान को एक षडयंत्र के तहत दबाया गया है। आज के नौजवान बच्चे बहुत मेहनत करके अपने इतिहास को खोज करके ला रहे है। गुर्जर समाज के हर गांव में गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति लगाने व चौक नामकरण करने की मोहिम शुरू हो तभी समाज मे एकजुटता और जागृति आएगी इस अवसर पर बिसंबर सिंह अजमेर सिंह एडवोकेट इन्द्रभान सिंह , कल्याण सिंह, उदय सिंह, रामवीर सिंह, राजेश सिंह, जय गुर्जर, लाखन सिंह, रिंकू सतेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, मनीष शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## आतंक पर सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16-17 सितंबर को होने वाली शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन एससीओ की समिट में संभव है कि आतंकवाद पर बोलेंगे। उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी समिट में मौजूद रहेंगे। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में होने वाली इस समिट में मोदी खुद मौजूद नहीं रहेंगे। मोदी वर्चुअली इस समिट में स्पीच देंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और ह्यूमन राइट काउंसिल में दिए गए भारत के स्टेटमेंट्स को देखते हुए माना जा रहा है कि मोदी की स्पीच में तालिबान का जिक्र नहीं किया जाएगा। इमरान खान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और सेंट्रल एशियन कंट्रीज के राष्ट्राध्यक्ष इस मीटिंग में खुद मौजूद रहेंगे। मोदी के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी वर्चुअली समिट से जुड़ेंगे। रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान व किर्गिस्तान मेंबर हैं। वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में भारत का रुख काफी अहम होगा। आतंकवाद को बढ़ावा देने को लेकर आज पाकिस्तान की करनी पूरी दुनिया देख रही है। अफगानिस्तान में तालिबान को स्थापित करने में वह दिन-रात एक किए है। सत्ता में अपने चहेते हक्कानी नेटवर्क को शामिल कराने आईएसआई चीफ काबुल तक चले गए। सेना प्रमुख की नाराजगी की परवाह नहीं की और दूसरे देशों को भी तालिबान का समर्थन करने की पुरजोर कवायद में पाक जुटा है। वह दुनिया को चेता रहा है, धमकी दे रहा है कि तालिबान का अगर समर्थन नहीं किया तो अमेरिका जैसा हमला फिर हो सकता है। भारत के साथ हर कोशिश में नाकामी झेल चुका पाकिस्तान अब छद्म तरीके से अपने मंसूबे पूरे करने में जुटा है। आतंकवाद परस्त नीति पर आगे बढ़ रहे पाकिस्तान की नीयत पूरी तरह से बेपर्दा हो चुकी है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उसे वैश्विक मंच पर लताड़ लगाई जाए। प्रधानमंत्री मोदी आतंकवाद के मसले पर अगर पाक को उसी की भाषा में जवाब देते हैं, तो यह गलत नहीं होगा। पाकिस्तान को लेकर आज जो भारत की नीति है, उसका समर्थन दूसरे देशों को भी करना होगा, वरना आतंक की खेती फलती-फूलती रहेगी। जब भी भारत आतंकवाद की समस्या की जटिलता के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता है तब वह इसे महज आरोपों का खेल बता कर खारिज कर देता है। लेकिन आए दिन इस बात के सबूत मिलते रहते हैं कि आतंकवादियों को शह और संरक्षण देने के मामले में पाकिस्तान ने वैश्विक स्तर पर दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया है। अब पाकिस्तान के सामने मुश्किल यह हो गई है कि वह भारत को तो पूर्वाग्रह से प्रेरित बता कर दुनिया के देशों को भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसी समस्या के लिए जवाब मांगते हैं तब वह बगलें झांकने लगता है। हर ऐसे मौके पर वह कार्रवाई करने का आश्वासन जारी करता है, लेकिन बदले में आतंक को पालता-पोषता है। जब भी भारत अपनी सीमा में आतंकवाद की समस्या की जटिलता के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता है तब वह इसे महज आरोपों का खेल बता कर खारिज कर देता है। लेकिन आए दिन इस बात के सबूत मिलते रहते हैं कि आतंकवादियों को शह और संरक्षण देने के मामले में पाकिस्तान ने वैश्विक स्तर पर दी गई चेतावनियों को लगातार नजरअंदाज किया है। अब पाकिस्तान के सामने मुश्किल यह हो गई है कि वह भारत को तो पूर्वाग्रह से प्रेरित बता कर दुनिया के देशों को भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन जब अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसी समस्या के लिए उससे जवाब मांगते हैं तब वह बगलें झांकने लगता है।

## (गणेश चतुर्थी पर विशेष) समाजिक एकता को बढ़ाता गणेशोत्सव

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हिन्दू मान्यता के अनुसार हर अच्छी शुरूआत व हर मांगलिक कार्य का शुभारम्भ भगवान गणेश के पूजन से किया जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव जाति के ईश अर्थात् स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि वे विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं।

भारत त्योहारों का देश है और गणेश चतुर्थी उन्हीं त्योहारों में से एक है। गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पूरे भारत में भगवान गणेश के जन्मदिन के इस उत्सव को उनके भक्त बहुत उत्साह के साथ मनाते हैं।

गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है।

गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था जिस पर भी अंग्रेजों प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति



बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे - धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

जिस उद्देश्य को लेकर लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है।

इस बार भी कोरोना महामारी के कारण लगी सरकारी पाबंदियों के चलते सार्वजनिक स्थानों पर गणेशोत्सव का भव्य आयोजन नहीं हो पायेगा। ऐसे में लोगों को अपने घरों में ही मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाकर उसका पूजन करना चाहिये। लागों को गणेश पूजन करते समय विश्व शांति की कामना करनी चाहिये। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिये गणेश पूजन करते समय भी हमें निर्धारित शारीरिक दूरी बनाये रखनी चाहिये। इस बार मन में गणेश पूजा करनी चाहिये। जो पैसा हम गणेशोत्सव मनाने पर हर बार खर्च करते थे उसे इस बार कोरोना से बचाव पर खर्च करें। इस साल के लिये यही सर्वश्रेष्ठ गणेश पूजा होगी।

## सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलत÷ वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्रष्टा हैं अत÷ समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे। इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अत÷ यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अत÷ उसकी आज्ञा प्रत्यक्षत÷ परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शाप एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्रोतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है।

## कोरोना की तीसरी लहर आएगी भी /ही !

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**
**( सामायिक चिंतन )**

आयुर्वेद मतानुसार ओक्टोबर माह शरद ऋतू का समय होता हैं ,यह अवधि संधिकाल का होता हैं यानी हम वर्षा ऋतू से मुक्त होकर हम शीत ऋतू में प्रवेश करते हैं ,वैसे हम तीन ऋतुओं पर ध्यान देते हैं जबकि हमारे यहाँ छह ऋतुएँ मानी गयी हैं --- शिशिर ,बसंत ,ग्रीष्म ये आदान काल कहलाता हैं और वर्षा ,,शरद और हेमंत ये विसर्ग काल कहलाता हैं .

आदावंते च दौरबल्यं विसरगर्दायोररणाम मध्ये मध्यबलं स्वन्ते श्रेष्ठमग्ने च निदिरदशेत. (चरक सूत्र स्थान 6/8 ) विसर्ग काल के आरम्भ तथा आदान काल के अंत में मनुष्यों में दुर्बलता ,विसर्ग तथा आदान काल के मध्य में मध्यम बल और विसर्ग काल के अंत और आदानकाल के आरम्भ में उत्तम बल होता हैं .इसका आशय यह हैं शरद ऋतू या ओक्टोबर माह में बल दुर्बल होता हैं . वर्शाशीतोचितंगानाम सहसै वार्क रश्मिभिः .तप्तानांचितम पित्तं प्रायः शरदि कुप्यति .(चरक सूत्र स्थान 6/41 ) वर्षाकाल में जिनकी शीतसातम्यहो गया रहता हैं ऐसे लोगों के अंग सहसा सूर्य के प्रखर किरणों से तप्त हो जाते हैं ,फलतः वर्षा ऋतू में संचित हुआ पित्त शरद ऋतू में प्रकुपित हो जाता हैं .अच्छी भूख लगने पर रस में मधुर ,गुण में लघु ,वीर्य में शीतल ,उच्च तिक्त रस युक्त एवं पित्त को शांत करने वाले अन्न-पान का मात्रापूर्वक सेवन करना चाहिए .घनात्याय( घन + अत्यय = मेघ नाश )अर्थात शरत ऋतू में चावल ,जौऔर गेहूं का सेवन करना चाहिए .पित्त को निकालने का उत्तम उपाय विरेचन हैं ÷विरेचनं पित्तहरणाम .शरद ऋतू में प्रत्येक प्राणी का रक्त उष्ण रहता हैं अतः तिक्तघृत के पान से या तो उस दुष्ट रक्त की शुद्धि करनी चाहिए अथवा विरेचन द्वारा उसका निर्हरण करना चाहिए शरद ऋतू में धुप का सेवन ,वसा (चर्बी ) ,तेल ओस क्षार दही का सेवन और दिन का शयन एवं पूर्वी वायु का सेवन नहीं करना चाहिए .पूर्वी हवा बंगाल की खाड़ीसे उठने के कारण नमी लियर रहती हैं .इसके सेवन से पुराने सन्धिवात इत्यदि व्याधियां पुनः



प्रकुपित हो जाती हैं .एक ऋतू के समाप्ति -काल और दूसरी के आरम्भ -काल में किस प्रकार पूर्व ऋतू के नियमों को छोड़ना और उत्तर ऋतू के नियमों को ग्रहण करना चाहिए .

**वाग्भट्ट के अनुसार ऋतुनन्त्यादी सप्ताह वृतुसंधिरिति स्मृतः** .तत्र पूर्वो विधिसत्याजयः सेवनियोपरः क्रमात.अस्तमयाजा हि रोगाःस्युः सहसा त्यागशीलतानात .(आ हृदय सु.अ 3 ) एक ऋतू के अंत के सात दिन और दूसरी ऋतू आदि के साथ दिन ,इन चौदह दिनों का नाम ऋतुसंधि हैं .एक ऋतू के तिम सत दिनों में क्रमशः उस ऋतू के नियमों का त्याग करते हुए अग्रिम ऋतू के प्रारम्भ के सात दिनों तक पूर्ण त्याग तथा अग्रिम ऋतू के सेवनीय आहार -विहार को चौदह दिनों में क्रमशः शनैः शनैः सेवन करना चाहिए .अन्यथा सहसा नियमों का त्याग और परिशीलन करने से आसतमयाज़ रोग उतपन्न हो जाते हैं .उक्त आधार पर यह सुनिश्चित हैं की ऋतू संधिकाल में मौसमी रोग होते ही हैं इससे सामान्यतः सभी प्रभावित होते हैं .आज देश विदेशी वैज्ञानिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर शोध करते हैं ,जबकि हमारे देश की जलवायु अन्य देशों से पृथक हैं .जिस देश की भूमि में जो औषधियां उतपन्न होती हैं वे उसी देश के निवासियों को लाभप्रद होती हैं .हमारे देश में ही उत्तर का वातावरण ,दक्षिण से अलग होता हैं तब इस देश की औषधियां कारगर नहीं हो पाती हैं . हमारे देश में कृषि क्रांति के कारण बहुत अधिक रसायनों का उपयोग किया गया और जा रहा हैं और अब हम जैविक खेती की बात करते हैं तब उतनी उपज नहीं मिलती जितनी रसायनों के कारण मिलती हैं .उसी प्रकार हमारे यहाँ गर्भस्थ शिशु की अवस्था से एलॉपथी दवाएं देना शुरू करते हैं और महिलाओं ,पुरुषों ,बालक बालिकाओं को ब्रॉडेस्ट स्पेक्ट्रम एंटीबॉयटिक्स देकर उन शरीर और रक्त रसायनों से युक्त हो गया अब उन्हें रसायन की ही आवश्यकता पड़ती हैं और पड़ेंगी ऐसे समय आयुर्वेद उल्टी कारगर नहीं हो पा रही हैं कारण राफेल के सामने ए के 45 का क्या काम ?यानी रसायनों के सामने जैविक का क्या काम।

## अनजान बुखार का मासूमों पर जानलेवा प्रहार!

### सूडोकु नवताल- 5828

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5827 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**योगेश कुमार गोयल**

कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच उत्तर प्रदेश में विकराल रूप धारण करता रहस्यमयी बुखार नई चुनौती बनकर उभर रहा है। कुछ डॉक्टर इस रहस्यमयी बुखार को 'इंफ्लुएंजा' वायरस मान रहे हैं तो कुछ डेंगू और कुछ अन्य डॉक्टर इसे इंफ्लुएंजा वायरस के स्वरूप में बदलाव की आशंका के तौर पर भी देख रहे हैं लेकिन अभी तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने में विफल रहे हैं। दरअसल इस रहस्यमयी बुखार में मरीजों में कई बीमारियों के लक्षण एक साथ नजर आ रहे हैं और बुखार के कारण सबसे ज्यादा मौतें बच्चों की हो रही हैं। लगभग सभी मामलों में तेज बुखार के साथ तेजी से प्लेटलेट्स गिरने, नजला-खांसी, जोड़ों में दर्द, डिहाइड्रेशन जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। शुरूआत में इस अनजान बुखार का प्रकोप तीन जिलों में ही देखा गया था लेकिन अब यह फिरोजाबाद, मथुरा, कासगंज, लखनऊ, आगरा, एटा, मैनपुरी, नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर इत्यादि प्रदेश के 20 से अधिक जिलों तक फैल चुका है और प्रत्येक जिले में प्रतिदिन औसतन पांच सौ नए मरीज मिल रहे हैं, जिनमें बच्चों की संख्या सर्वाधिक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अभी तक विभिन्न जिलों में 150 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें करीब 50 फीसदी बच्चे हैं। सबसे बुरी हालत फिरोजाबाद जिले की है, जहां अब तक 80 से भी ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इस जिले में पिछले कुछ ही दिनों में 60 से भी ज्यादा




बच्चों की मौत रहस्यमयी बुखार से हुई है। इसके अलावा सीतापुर में 50, मथुरा में 21 तथा मैनपुरी में भी 13 से ज्यादा लोगों की मौत होने की पुष्टि की जा चुकी है। कई अन्य जिलों में भी इस बुखार के कारण मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। फिरोजाबाद और आसपास के इलाकों में तो डेंगू, वायरल बुखार, स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस के मरीज भी मिले हैं। बच्चों की हो रही मौतों से प्रभावित इलाकों में इस कदर खौफ व्याप्त है कि कुछ लोग भय के कारण गांव छोड़कर जा रहे हैं। प्रदेश के कुछ गांवों में रहस्यमयी बुखार का खौफ इतना ज्यादा है कि गांव के अधिकांश परिवार अपने बच्चों को लेकर पलायन कर चुके हैं।

रहस्यमयी बुखार को लेकर स्थिति इतनी खराब है कि अधिकांश जगहों पर अस्पतालों में जांच के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी हैं, लगभग सभी अस्पतालों में बैड फुल हैं और एक-एक बैड पर दो से चार बच्चों का एक साथ इलाज हो रहा है लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बाद भी ऐसे कई बच्चों को बचाने में सफलता नहीं मिल पा रही है। इस बुखार के आने के बाद पहले मरीज को ठंड लगती है और फिर तेजी से बुखार बढ़ता है। दवा खाने से एक बार बुखार उतर जाता है लेकिन फिर तेजी से बुखार आता है और मरीज की स्थिति बिगड़ जाती है। बच्चों की बात करें तो इस बीमारी में पहले बच्चों के पेट में दर्द होता है, फिर बुखार आता है और प्लेटलेट्स अचानक तेजी से गिरता है। उसके बाद दो से तीन दिनों में ही ऐसे कुछ बच्चे मौत के मुंह में समा जाते हैं। कई डॉक्टर इस अनजान बुखार से हो रही मौतों का बड़ा कारण इलाज में देरी होना मानते हैं। डेंगू के साथ स्क्रब टायफस होने के कारण कई मरीजों के किडनी, लीवर सहित अन्य अंगों ने काम करना बंद कर दिया था, इस कारण भी उनकी मौत हुई। अभी तक डेंगू के वायरस के कुल चार वैरिएंट (डेन 1, 2, 3, 4) सामने आए हैं लेकिन पेट में दर्द के साथ बुखार आने के दो-तीन दिनों के भीतर ही बच्चों की मौत होने से स्वास्थ्य विशेषज्ञों को इस बात की चिंता भी सता रही है कि कहीं यह डेंगू का कोई नया वैरिएंट डेन 5 तो नहीं फैल रहा है। फिरोजाबाद जिले में 50 से ज्यादा बच्चों की मौत होने के बाद मचे हड़कंप के पश्चात् केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लेने के लिए एक टीम वहां भेजी गई थी। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीसीडीपी) के 5 विशेषज्ञों के इस दल द्वारा फिरोजाबाद तथा आसपास से करीब 200 सैंपल लिए गए।

तालिबान की कथनी और करनी ? (लेखक- डॉ. वेदप्रताप वैदिक / ईएमएस)

अफगानिस्तान में तालिबान ने अंतरिम सरकार की घोषणा कर दी है। इसके 33 मंत्रियों की सूची को ध्यान से देखने पर लगता है कि इसमें ज्यादातर मंत्री पख्तिया और कंधार के हैं। इन दो प्रांतों में गिलजई पठानों का वर्चस्व रहा है। अफगानिस्तान के राष्ट्रगान में 14 तरह के लोगों को गिनाया गया है लेकिन इस मंत्रिमंडल में पठानों के कई प्रमुख कबीलों को भी जगह नहीं मिली है। अन्य लोगों - बलूच, उजबेक, हजारा, तुर्कमान, ताजिक, अरब, गुर्जर, पामीरी, नूरिस्तानी, बराहवी, किजिलबाश, ऐमक, पशाए, हिंदू और सिखों आदि को कहीं कोई स्थान नहीं मिला है। सिर्फ दो ताजिक और एक उजबेक को इस सरकार में जगह मिली है। 33 में से ये तीन गैर-पठान लोग वे हैं, जो तालिबान के गहरे विश्वासपात्र रहे हैं और जिन्हें इनकी अपनी जातियां न तो अपना प्रतिनिधि मानती हैं और न ही अपना हितैषी। अब कोई पाकिस्तानी फौज से पूछे कि आप जो मिली-जुली सरकार की बातें बार-बार दोहरा रहे थे, उसका क्या हुआ ? क्या वह कोरा ढोंग था? पाकिस्तान की सक्रिय मदद से तालिबान ने पंजशीर घाटी पर कब्जा किया लेकिन क्या अब वह पाकिस्तान की भी नहीं सुनेगें? ऐसा लगता है कि तालिबान, संपूर्ण विश्व-जनमत की भी अनदेखी कर रहे हैं। तालिबान के प्रधानमंत्री सहित ऐसे कई मंत्री हैं, जिन्हें संयुक्तराष्ट्र संघ ने आतंकवादी घोषित कर रखा है और उनके सिर पर एक करोड़ और 50-50 लाख डॉलर के इनाम रख रखे हैं। कुछ मंत्री ऐसे हैं, जो ग्वांनटेनामो की जेल भी काट चुके हैं। हक्कानी गिरोह के मुखिया सिराजुद्दीन हक्कानी को गृहमंत्री और उसके अन्य साथी भी मंत्री बनाए गए हैं। यह वही गिरोह है, जिसने हमारे काबुल के राजदूतावास पर 2008 में हमला करके दर्जनों हत्याएं की थीं। दूसरे शब्दों में काबुल में फिलहाल जो सरकार बनी है, उसमें पुराने भारत-विरोधी तत्वों की भरमार है। मुल्ला अब्दुल गनी बिरादर को प्रधानमंत्री बनाने की बजाय मुल्ला हसन अखुंड को प्रधानमंत्री बनाया गया है। मुल्ला बिरादर और शेरु स्थानकजई जैसे उदार और मर्यादित लोग पीछे खिसका दिए गए हैं। जाहिर है कि तालिबान की यह सरकार उनकी 25 साल पुरानी सरकार-जैसी ही है। इसका लंबे समय तक टिके रहना मुश्किल है। यदि यह चीन और पाकिस्तान के टेके पर टिक भी गई तो कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ ही दिनों में इन दोनों राष्ट्रों का भी मोहभंग हो जाए। क्या पता कि काबुल की तालिबानी सरकार डूरेंड लाइन का विरोध करने लगे और चीन के उइगर मुसलमानों का समर्थन

# शाहरुख खान निभाएंगे मशहूर शायर साहिर लुधियानवी का किरदार?



पिछले काफी समय से हिंदी और उर्दू के महान शायर और गीतकार साहिर लुधियानवी की बायॉपिककी चर्चा है। इस फिल्म के बारे में पिछले 8 सालों से बात चल रही है मगर अभी तक यह फिल्म नहीं बन सकी है। पिछली बार जब इसके बारे में खबर आई थी तब कहा जा रहा था कि इस बायॉपिक को संजय लीला भंसाली बनाएंगे और साहिर का किरदार अभिषेक बच्चन या इरफान निभा सकते हैं। अब खबर है कि शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज इस फिल्म को बना सकती है। हालांकि अभी तक यह कन्फर्म नहीं हुआ है कि साहिर लुधियानवी का किरदार शाहरुख खान निभाएंगे या कोई और ऐक्टर। बता दें कि साहिर की जिंदगी पर बायॉपिक बनाने वाली राइटर-डायरेक्टर जसमीत रीन पिछले काफी समय से इस फिल्म के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। भंसाली से पहले इसे आशी दुआ (घोस्ट स्टोरीज और कालाकांडी की प्रड्यूसर) प्रड्यूस करने वाली थीं। साहिर की जिंदगी के अलग-अलग टाइम को दिखाने के लिए फरहान अख्तर, इरफान और अभिषेक बच्चन का चुनाव किया गया था। इस फिल्म में अमृता प्रीतम के किरदार के लिए प्रियंका चोपड़ा, करीना कपूर और तापसी पन्नू के नामों पर विचार किया गया था। अमृता प्रीतम साहिर लुधियानवी से बेइंतेहा मोहब्बत करती थीं। अब देखना दिलचस्प होगा कि शाहरुख इस किरदार को निभाते हैं या नहीं। जसमीत रीन ने अभी इस फिल्म के बारे में किसी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया है। वैसे बता दें कि 8 मार्च 2021 को साहिर लुधियानवी का 100वां जन्मदिन है।

## मेरे सभी एक्शन हीरो महिलाएं रही हैं : रूही सिंह


एकता कपूर की नई वेब सीरीज बैंग बैंग : द साउंड ऑफ क्राइम्स में पुलिस की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रूही सिंह का कहना है कि बचपन से उनके सभी एक्शन हीरोज महिलाएं ही रही हैं और वह इन्हीं से प्रेरित होती रही हैं। रूही ने बताया, बड़े होने के दौरान मेरे सभी एक्शन हीरोज महिलाएं ही रही हैं। जेना द वॉरियर प्रिंसेज मेरी पसंदीदा एक्शन हीरो रही हैं और मुझे वंडर वुमन भी काफी पसंद थी। मुझे एंजेलिना जोली और उनके निभाए किरदारों से भी काफी लगाव रहा है और मैं हमेशा से ही कुछ ऐसा निभाना चाहती थी। किसी सशक्त महिला की भूमिका। मुझे लगता है कि यह एक काफी दिलचस्प शैली है और काम करने लायक एक दिलचस्प क्षेत्र भी है। अपने किरदार के बारे में वह कहती हैं, मेरे किरदार का नाम मीरा है। वह एक महत्वाकांक्षी और मेहनती लड़की होने के साथ ही एक समझदार पुलिस ऑफिसर भी है, जो न्याय के लिए काम करती है।



**बैंग बैंग :** द साउंड ऑफ क्राइम्स को श्रद्धा पासी जयरथ द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इसमें मशहूर सोशल मीडिया स्टार मास्टर फैसू भी हैं। इसे ऑल्ट बालाजी और जी5 पर प्रसारित किया जाता है।

## 'छल गया छल्ला' गाने को लेकर इमोशनल हुयी परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपनी आने वाली फ़िल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' के गाने छल गया छल्ला को लेकर इमोशनल हो गयी। परिणीति की आने वाली फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन का पहला गाना छल गया छल्ला रिलीज़ कर दिया गया है। परिणीति इस गाने को लेकर काफ़ी इमोशनल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में खुलासा किया कि गाने की शूटिंग के दौरान उनके आंसू थमे नहीं और उन्हें छुट्टी लेनी पड़ी थी। परिणीति ने गाना रिलीज़ के बाद एक नोट शेयर करके लिखा, बतौर एक एक्टर, मुझे लगता है कि मैंने यह फ़िल्म इसी गाने के लिए की। दो दिनों तक आंखें आंसुओं से लबालब रहीं। इस शूट के बाद मुझे एक दिन की छुट्टी लेनी पड़ी थी। मैं थक गयी थी, मगर खुश थी। अपने जीवन में एक बार इसे कैमरे पर लाने देने के लिए शुक्रिया रिभु। गौरतलब है कि द गर्ल ऑन द ट्रेन को रिभु सेनगुप्ता ने निर्देशित किया है।



# नेहा धूपिया ने लॉकडाउन के 8 महीने में घटाया 21 किलो वजन



नेहा धूपिया अपनी बोल्ड चॉइसेज के लिए जानी जाती हैं। वह ट्रोल्स को भी मुंहतोड़ जवाब देती हैं। हालांकि ट्रोलिंग की वजह से उनके जीवन में एक पॉजिटिव चेंज भी आया है। बेटी मेहर को जन्म देने के बाद उनका वजन 23-25 किलो बढ़ गया था। लोग इस पर काफी नेगेटिव बोलते थे। लॉकडाउन के 8 महीनों में उन्होंने अपना 21 किलो वजन कम किया है। नेहा धूपिया की बेटी मेहर का जन्म नवंबर 2018 में हुआ था। बच्ची के जन्म के बाद वह भी कई बदलावों से गुजरीं और उनका वजन बढ़ गया। नेहा बताती हैं कि इसको लेकर उनके मन में कोई नेगेटिविटी नहीं थी, लेकिन इसके लिए उन्हें फैट-शेम किया गया। नेहा ने बताया कि लॉकडाउन के 8 महीने में उन्होंने 21 किलो वजन घटाया। वह बताती हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान उनका वजन करीब 25 किलो बढ़ गया था। इसके लिए उन्हें ट्रोल और जज किया गया। यह तक कहा गया कि उनका फिल्मी करियर खत्म हो जाएगा। नेहा बताती हैं, आप अपने अंदर एक खूबसूरत जिंदगी लिए होते हैं और अचानक यह बाहर आ जाती है। जब आप खुद को देखते हैं तो अजीब लगता है। हर कोई इतना भाग्यशाली नहीं होता कि प्रेग्नेंसी में उसका वजन ना बढ़े। मेरा 23-25 किलो वजन बढ़ गया था। नेहा ने बताया कि लोग उनकी फैट-शेमिंग करते थे। हालांकि उन्होंने धैर्य रखा और धीरे-धीरे वजन घटने दिया। नेहा बताती हैं, लॉकडाउन में मैंने एक काम किया कि लोगों ने मेरे बारे में जो कहा उसकी चिंता नहीं की और 8 महीनों में 21 किलो वजन कम किया।

# छीलकर कभी मत खाइए सेब, इतने न्यूट्रिशन हैं कि मोटापा और कैंसर भी मान जाए इसके सामने हार

सेब एक ऐसा फल है जो आपकी पूरी सेहत का अकेले ही ख्याल रख सकता है। लेकिन कई लोग इसे छीलकर खाना ज्यादा समझदारी की बात समझते हैं, जो कि गलत है। सेब के छिलकों में ऐसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर के सुचारू संचालन में मदद करते हैं। यदि आपको इस बात का डर है कि सेब के छिलकों पर मोम की कोटिंग लगी होती है या फिर उनमें कीटनाशकों का उपयोग होता है, तो हम आज आपको उसका भी समाधान बताएंगे। सेब के छिलके को हटाने का मतलब है, सेब के सबसे ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर हिस्से को हटाना। बिना छीले और बिना काटे ही सेब खाना हेल्दी होता है। अब आइए जानते हैं सेब को छीलकर खाएं या नहीं...

### सेब कैसे खाएं?

कई मामलों में देखा जाता है कि सेब में कीटनाशक होते हैं और इस प्रकार छिलका खाना जोखिम भरा हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पहले सेब को धो लें और एक घंटे के लिए पानी में भिगो दें। फिर उसके छिलके पर से कीटनाशक और मोम की कोटिंग को हटाने के लिए उन्हें 2-3 बार गुनगुने पानी से धो लें। यह आपको फल के वास्तविक स्वाद का आनंद लेने और अधिकतम लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा।

### फाइबर से भरा होता है छिलका

सेब के छिलके में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं, जो नियमित रूप से सेवन करने पर कब्ज को रोकते हैं। इसके अलावा, घुलनशील



आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है और कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायक होता है।

### विटामिन से भरे होते हैं छिलके

विशेषज्ञों के अनुसार, सेब का छिलकाविटामिन-सी और ए से भरपूर होता है। हर सेब के छिलके में विटामिन सी के 8.4 मिलीग्राम और विटामिन ए के 98 आईयू होते हैं। सेब को छीलने से यह विटामिन निकल जाते हैं।

### कैंसर को नियंत्रित करता है

2007 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, सेब के छिलके में ट्राइटरपेनॉइड नामक एक यौगिक होता है, जो मानव शरीर में कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए जाना जाता है। इनमें एंटीऑक्सिडेंट भी होता है, जो फेफड़ों के कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं।

### सांस लेने की समस्याओं को कम करता है

सेब के छिलके में क्वेरसेटिन नामक फ्लेवोनॉइड भी होता है, जो फेफड़ों के बेहतर कामकाज में मदद करता है। यह साबित हो गया है कि जो लोग हर हफ्ते 5 या उससे अधिक सेब खाते हैं, उनके फेफड़े अच्छी तरह से काम करते हैं।

### वजन घटाने में कारगर


यदि आप वजन घटाने की कोशिश में लगे हुए हैं, तो कोशिश करें सेब को छिलके समेत खाएं। छिलके में ओर्सोलिक एसिड होता है, एक आवश्यक यौगिक जो मोटापे से लड़ने में मदद करता है। यह मसल फैट को बढ़ाता है और कैलोरी को जलाने में मदद करता है, जिससे मोटापे का खतरा कम होता है। आप सेब को साबुत या फिर ओट्स आदि में डाल कर खा सकते हैं।

# हेली दारूवाला ने कराया कातिलाना फोटोशूट



टीवी एक्ट्रेस हेली दारूवाला सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाकर काफी बवाल मचा रही हैं। हेली ने इंटरनेट पर सुपर हॉट अंदाज में अपनी फोटोज पोस्ट की है जो तेजी से वायरल भी हो रही हैं। हेली की ये तस्वीरें देखकर लोगों के पसीने छुट गए हैं और इसके चलते वो चर्चा में भी आ गई हैं। हेली की इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिले हैं। हेली ने इंस्टाग्राम पर अपनी इन बोल्ड फोटोज को पोस्ट किया है जिसमें वो सुपर हॉट ब्लैक ब्रा पहनकर पोज करती हुई नजर आ रही हैं। हेली की ये तस्वीरें आपके भी होश उड़ा देंगी। अपने बोल्ड और कातिलाना अंदाज से इन तस्वीरों में हेली सभी का ध्यान आकर्षित करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में हेली अपनी खूबसूरती और अपनी लुभा लेने वाली पर्सनालिटी से लोगों का दिल जीतती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर इन फोटोज को काफी पसंद किया जा रहा है। हेली दारूवाला ने एमटीवी के शो एमटीवी वेब्ड 2, निशा और उसके कजिन्स और खोटे सिक्के जैसे शोज में काम किया है। इसी के साथ एकता कपूर के शो नागिन 3 में भी वो नजर आ चुकी हैं। यहां उन्होंने अनु का किरदार निभाया था। सोशल मीडिया पर काफी सक्रीय रहने वाले हेली दारूवाला इंटरनेट पर अपनी एक से बढ़कर एक बोल्ड फोटोज पोस्ट करती रहती हैं।

# गोल-मटोल गालों की चर्बी घटाएं और पाएं आकर्षक चेहरा, रोजाना करें ये 4 आसान एक्सरसाइज



जब भी वर्कआउट या एक्सरसाइज की बात आती है, तो अक्सर लोगों का ध्यान गालों की एक्सरसाइज पर नहीं जाता। कई लोग अपने गालों को अपनी खूबसूरती का अहम हिस्सा मानते हैं क्योंकि आपके गालों के कारण ही आपका चेहरा सजता है। लेकिन अगर आपके गाल बहुत ज्यादा मोटे गोल मटोल होते हैं, तो कई बार आप उनको लेकर परेशान रहते हैं। चेहरे की खूबसूरती के लिए आकर्षक आंखे व होंठ के साथ अच्छी शेप के गाल भी होते हैं। ऐसे में यदि इन आसान एक्सरसाइज को किया जाए, तो आपके गोल-मटोल गालों की चर्बी कम होकर आपके चेहरे को एक आकर्षक शेप मिलेगी। आइए हम आपको बताते हैं ये 4 आसान एक्सरसाइज ।

**डक फेसः** इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको डोनल्ड डक की तरह अपने मुंह को बनाने की कोशिश करनी होगी। इसके लिए आप अपने होंठों को ऊपर की ओर उठाने की कोशिश करें और अपने मुंह को खोलें और बंद करें। कोशिश करें कि आप अपने होंठों को बाहर की ओर धकेलें, आपका मुंह डोनल्ड डक से मिलता-जुलता लगे। इसमें आपको अपने चेहरे को तनाव देते हुए करना होता है। इस एक्सरसाइज को आप कम से कम 15-20 बार करें।

**फिश फेसः** फिश फेस एक्सरसाइज करना बहुत ही आसान है। आजकल हर कोई जानता है कि सैल्फी लेते वक्त पाउट कैसे करना है या मजाकिया चेहरा कैसे बनाना है। फिश फेस बनाने के लिए आप अपने गालों को चूसो और अंदर से गालों को पकड़ो। अब आप अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं और अपनी ठोड़ी को ऊपर की ओर उठाने की कोशिश करें। इस एक्सरसाइज को आप 10 से 15 बार करें और एक्सरसाइज करते वक्त 10 सेकेंड के रूकें।

**जॉ ड्रॉपर :** यह मुंह की अतिरक्त चर्बी को कम करने की सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। इस एक्सरसाइज को करने से गालों की चर्बी आसानी कम होती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप पने मुंह को जितना हो सके खोलें और निचले दांतों के पीछे अपनी जीभ दबाएं। कोशिश करे आप अपने जबड़े को जितना हो सके नीचे की ओर कर सकें करें। लगभग 15 बार इस एक्सरसाइज को करें यह चेहरे को परफैक्ट सेफ देने के लिए एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।

**चिकबोन एक्सरसाइजः** यदि आपके गाल मोटे और उनकी शेप अच्छी नहीं है, तो

## शिल्पा शेट्टी के कट्स पर फिदा हुए फैन्स



शिल्पा शेट्टी की रेड साड़ी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर नजर आई हैं और फैन्स उनकी कमर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। शिल्पा ने यह लाल रंग की साड़ी एक ऐड के लिए पहनी थी, जिसे देखकर लोग उनकी कमर की तारीफें करते नहीं थक रहे। शिल्पा ने अपने अकाउंट पर भी यह वीडियो शेयर किया है। लाल साड़ी में शिल्पा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी छाई हैं और लोग उनकी फिटनेस के दीवाने हुए जा रहे हैं। शिल्पा का यह अंदाज़ एक ऐड शूट के लिए है, जिसमें वह कह रही हैं कि यह ऐड मुझे अपने पेट की वजह से ही मिला है। शिल्पा की इन तस्वीरों पर फैन्स खूब जमकर कॉमेंट कर हैं और उन्हें ड्रीम गर्ल भी बता रहे हैं। एक फैन ने उनकी तारीफ में लिखा है- दो बच्चों की मां और कमर तो देखो, इसे बोलते हैं मेंटनेंस।

# कलेक्टर की दो-टूक: निकम्मे कर्मचारियों को दण्डित किया जाना जरूरी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(कार्य नहीं करने वाले पटवारी होंगे सेवा से बर्खास्त)**

**(नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों पर नाराजगी)**



**बैतूल ।** ग्राम संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लंबित मिले नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों पर कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित इन मामलों की बड़ी संख्या में शिकायतें मिलना ठीक नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को ऋण पुस्तिकाएं वितरित नहीं होने की स्थिति मिलना भी दुःखद है। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी रोस्टर बनाकर गांवों में पहुंचें और नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन से संबंधित प्रकरण समय-सीमा में निराकृत करें। जो प्रकरण उनके पास दर्ज नहीं है, उनको भी इस दौरान दर्ज किया जाए एवं निराकरण की कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम संवाद एवं अन्य माध्यमों से उन्हें पटवारियों के ग्रामों में नहीं पहुंचने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही है, यह स्थिति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पटवारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने मुख्यालयों पर रहें। पटवारियों को ताकीद किया जाता है कि वे अपने कार्यक्षेत्र के गांवों का सतत भ्रमण करें एवं ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य का भी मौके पर सत्यापन किया जाए। जो पटवारी कार्य नहीं कर रहे हैं अथवा आदतन लापरवाह हैं, उनके सेवा से बर्खास्तगी के प्रकरण प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर ने साफ किया कि काम करने वालों का उत्साहवर्धन किया जाएगा, परन्तु निकम्मे कर्मचारियों को दण्ड मिलना भी जरूरी है। बैठक में उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। साथ ही राजस्व वसूली का कार्य सक्रियता से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उनसे सख्ती से राजस्व वसूली की कार्रवाई की जाए। बैठक में शासन की धारणाधिकार योजनांतर्गत अधिभोगियों को धारणाधिकार का अधिकार पत्र दिए जाने के लिए सर्वे कार्य एवं अधिकार पत्र प्रदान किए जाने की कार्रवाई की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, अतः योजना में समयबद्ध प्रगति अपेक्षित है। पीएम किसान एवं सीएम किसान कल्याण योजना में कृषकों को लाभान्वित किए जाने की स्थिति की भी बैठक में समीक्षा की गई। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन में लंबित मामलों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आरबीसी 6(4) के तहत राहत प्रकरणों को लंबित नहीं रखने एवं प्रभावितों को तत्काल सहायता देने के भी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्र में कोविड टीकाकरण कार्य में बेहतर परिणाम प्रदर्शित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के सहयोग से लक्ष्यानुरूप शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य कराने के लिए सतत प्रयासशील रहें। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी सचान, सहायक कलेक्टर अंशुमन राज, अनुविभागीय अधिकारी मुलताई सुश्री हरसिमरन प्रीत कौर, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बैतूल सीएल चनाप, अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर अनिल सोनी, अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही के.सी. परते सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### ओबीसी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र किरार के नेतत्व में जातिगत जनगणना की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्रीमति अनुप्रिया पटेल से की मुलाकात



**पुष्पांजली टुडे**

**मध्यप्रदेश ।** ओबीसी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र किरार के नेतत्व में ओबीसी एकता संघ ने ओबीसी की जातिगत जनगणना की मांग को लेकर ओबीसी एकता संघ की संरक्षक केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्रीमति अनुप्रिया पटेल जी से दिल्ली में मुलाकात की ,जिसमे ओबीसी एकता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय श्री पदम सिंह कुशवाह जी ,ओबीसी एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आदरणीय श्रीश्रवण लाल धाकड़ जी , ओबीसी एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील पवार जी ,प्रदेश प्रवक्ता श्री रामवीर गुर्जर जी , जिला महामंत्री डॉ विनोद पाल जी ,श्री राजपाल बघेलजी ,श्री सूरज एसवार सहित ओबीसी के अनेकों कार्यकर्ताओ ने ओबीसी की जातिगत जनगणना ,आरक्षण सहित 10 बिंदुओं पर चर्चा की ।

### शिव प्रसाद गोला जी डिप्टी कमिश्नर सम्मानित हुए



**रवि प्रजापति रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** कोविड-19 एवं अतिवृष्टि, बाढ़ आपदा में पदीय दायित्वों के निर्वहन के साथ -साथ मानवता की सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिनांक 08.09.2021 को आयुक्त ग्वालियर संभाग एवं चंबल संभाग मुरैना, मध्य प्रदेश द्वारा प्रशंसा पत्र से मुझे सम्मानित किया गया। यह आप सभी के सहयोग से संभव हुआ है ,यह प्रशंसा पत्र में मानवता की सेवा हेतु आप सभी को समर्पित करता हूं।

### विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने भिण्ड आर.टी. ओ. अनुराग शुक्ला जी को ज्ञापन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने भिण्ड आर.टी. ओ. अनुराग शुक्ला जी को ज्ञापन दिया जिसमें विकलांग बंधुओ को मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन मै 50त्नबस मै किराया माफ़ कराने के लिए पास जारी कराने का अनुरोध किया गया ऋञ्चह साहब ने विकलांग बल के राज्यसचिव का अनुरोध स्वीकार करके अस्वासन दिया की जल्द ही भिण्ड विकलांग बंधुओ का पास जारी कर दिया जायेगा ज्ञापन देने उपस्थित हुऐ सौरभ बघेल गिर्राज भदौरिया मोहम्मद आरिफ ब्रजेश शाक्य अरुण शर्मा गजेंद्र कुशवाह आदि



### छोटी माता मंदिर माँ चामुंडा मंदिर में रजतीकरण(चांदीकरण) का कार्य प्रारम्भ



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(100 किलोग्राम चाँदी एकत्रित कर माँ चामुंडा मंदिर में रजतीकरण का कार्य किया जायेगा)**

**देवास ।** माँ चामुंडा शासकीय देव स्थान प्रबंध समिति द्वारा आज से टेकरी पर छोटी माता मंदिर माँ चामुंडा मंदिर में रजतीकरण(चांदीकरण) का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जैसा कि विदित है गत वर्ष 125 किलोग्राम चाँदी से माँ तुलना भवानी माता मंदिर का कार्य किया गया था। इसी भाँति लगभग 100 किलोग्राम चाँदी एकत्रित कर माँ चामुंडा मंदिर में रजतीकरण का कार्य किया जायेगा। प्रथम चरण में आने वाली नवरात्रि के पहले मंदिर के अंदर का कार्य पूर्ण किया जायेगा। माँ तुलना भवानी मंदिर में पिल?लर 40 किलोग्राम पीतल से सॉंवरे जाएँगे।

# समाज सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती भविष्य में परिणाम अच्छे मिलते हैं-अम्बरीष शर्मा (गुड्डू भैया)

**लहार में कोरोना योद्धाओ को किया गया सम्मानित**

**अर्पित गुप्ता**
**पुष्पांजली टुडे**



**लहार ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद भिंड के निर्देशानुसार दिनांक 08-09-2021 का सम्मान समारोह वन खंडेश्वर मंदिर प्रांगण मे किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरीश शर्मा जी गुड्डू भैया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की अध्यक्षता में एवम मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया (संभागीय समन्वयक) जिला समन्वयक श्री शिव प्रताप सिंह भदोरिया , समन्वयक विजेंद्र शर्मा जी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक भदोरिया जी द्वारा में कोरोना वॉलिंटियर की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित संभाग समन्वय के द्वारा जन अभियान परिषद की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित वालंटियर को बधाई दी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुड्डू भैया ने कहा इस विकराल में आप सभी लोगों ने जो सहयोग किया है उसका हृदय से धन्यवाद करते हैं एवं शिवराज सरकार आपके प्रयास की सराहना करती है भविष्य में इसी तरह आप लोगों को जागरुक करने का कार्य करें उनके आत्मविश्वास बढ़े ऐसा प्रयास करें गुड्डू भैया द्वारा अपने कार्य को भी बयां किया।सम्मान समारोह कार्यक्रम में कोविड-19 वॉलिंटियर द्वारा अपने अपने गांव में क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रस्तुति दी गई प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में पत्रकार राजा भैया पाल दबोह ,सुधांशु मुदगिल, राजीव कौरव ,पंकज समाधिया पंकज दुबे नवी आखिरी दीक्षित अंकित शास्त्री दिनेश शर्मा विशाल दिक्षित सुनील कुमार गुप्ता सुनील कुमार धर्मेंद्र चतुर्वेदी धर्मेंद्र कुरचानिया पेंटर फिरोज गोहद सतन चतुर्वेदी रमाकांत शर्मा अतुल दुबे महेंद्र सेन सुनील राठौर वर्षा तिवारी अशोक कुमार उपाध्याय महेंद्र कुमार शर्मा मोहन यादव आनंद यादव अंकित कटारिया कुलदीप ,नाविस्ता नाज वेगम लगभग 89 मैं कोरोना वॉलिंटियर का सम्मान प्रमाण पत्र देकर के किया गया सभी सभी लोगों वृक्षारोपण कार्यक्रम की व्यवस्था वरिष्ठ समाजसेवी रणवीर सिंह कौरव द्वारा देखी गई इस कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद लहार द्वारा किया गया आभार व्यक्त सत्येंद्र चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज का 71 वाँ अवतरण दिवस पूरे देश में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया।

**अरविंद राठौर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर अंचल, मध्य प्रदेश 8 सितम्बर 2021 को देशभर में मनाया गया जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज का 71 वां अवतरण दिवस।

**ऐसे मनाया 71 वां अवतरण दिवस:** अवतरण दिवस पर संत रामपाल जी महाराज के आश्रम दिल्ली के मुंडका, हरियाणा के कुरुक्षेत्र, रोहतक, भिवानी पंजाब के धुरी आश्रम में संत गरीबदास जी महाराज की अमृतवाणी का तीन दिन का अखण्ड पाठ हुआ।

**71 वे अवतरण दिवस संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया-** अवतरण दिवस पर जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज का विशेष सत्संग का प्रसारण साधना टीवी चैनल और श्रद्धा चैनल पर हुआ।

**संत रामपाल जी महाराज के उद्देश्य:** समाज सुधार में जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज का अद्वितीय योगदान है, नशा, दहेज, रिश्वतखोरी, भ्रूण हत्या, चोरी-जारी, छुआछूत, ऊंच- नीच, जाति व धर्म के भेदभाव ,कुरुतियाँ एवं पाखंडवाद को खत्म करना एवं संत रामपाल जी महाराज की सतभक्ति से आध्यात्मिक ज्ञान की क्रांति फैल रही है जिससे लोगो को आध्यात्मिक, शारीरिक, आर्थिक लाभ के साथ में परमेश्वर से मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उनके अनुयायियों को प्राप्त हो रहें हैं, जिससे लोगो मे आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, जिससे लोगो में संत रामपाल जी महाराज की लोकप्रियता के साथ में अनुयायियों की संख्या भी लगातार तेजी से बढ़ रही है।



# बन्नूर आईमाता मंदीर में भादवी बीज का महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

**मैसूर–** टी नरसीपुरा तहसील के बन्नूर गांव में आईमाता मंदीर में आज भादवी बीज का महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित व अध्यक्ष माणकचंद काग, कार्यदर्शी सदस्य प्रकाश बर्फा, उपाध्यक्ष सोहनलाल पवार , सह कार्यदर्शी बाबुलाल सोलंकी,लक्ष्मण राठौड व समाज के बन्दुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया । व महिलाओं व नन्हे मुन्ने बच्चो शानदार सांस्कृतिक नृत्य पेश किया जो सबको भाव विभोर कर दिया इस कार्यक्रम में अन्य समाज से पधारे धार्मिक आस्थाओं से जुड़े सभी राजस्थानी भाइयो ने माँ आईजी के दर्शन लाभ लेकर प्रसाद ग्रहण किया ।

# विभागीय गबन के प्रकरणों में वसूली की राशि प्राथमिकता से जमा कराई जाये -संभागायुक्त

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(संभागायुक्त ने वीसी के माध्यम से स्थानीय निधि के लम्बित ऑडिट प्रकरणों की समीक्षा की)**




**उज्जैन ।** संभागायुक्त संदीप यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थानीय निधि संपरीक्षा संभाग उज्जैन के अन्तर्गत विभिन्न निकायों के लम्बित ऑडिट आपत्तियों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने उज्जैन संभाग के 34 जनपदों, विभिन्न विभागों, नगर पालिका निगम एवं नगरीय निकायों के लम्बित ऑडिट आपत्तियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निराकरण की धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और सभी विभागों, निकायों एवं जनपदों को चेतावनी दी कि वे अतिशीघ्र ही आपत्तियों का निराकरण करें। तीन डिजिट की संख्या में यदि आपत्तियां हैं तो वह स्वीकार योग्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर भी लगातार ऑडिट आपत्तियों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने विभिन्न निकाय, जनपद एवं विभागों में हुए गबन के प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि गबन के प्रकरणों में सम्बन्धित से गबन की राशि जमा कराई जाये। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में शिविर लगाकर ऑडिट आपत्तियों का निराकरण करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने कहा कि 34 जनपद पंचायतों में निराकरण के लिये कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया है, जो कि स्वीकार योग्य नहीं है। जिला पंचायतों ने भी इस सम्बन्ध में कोई रूचि नहीं दिखाई है। उन्होंने सभी को सचेत करते हुए कहा कि तत्काल वे अपनी स्थिति सुधारें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने सभी जनपदों के निकायों के अकाउंट आफिसरों को भी निर्देश दिये कि वे स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय के संयुक्त संचालक के सम्पर्क में रहें और उन्हें निराकरण की स्थिति से अवगत कराते रहें।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद संयुक्त संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा दीपक परिहार ने संभागायुक्त को अवगत कराया कि विभिन्न नगर निगम, कृषि उपज मंडी समितियों, जिला पंचायत, विकास प्राधिकरण, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, रोगी कल्याण समितियों, स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थाओं, ब्रिस्क एवं विविध संस्थाओं में 86 करोड़ 20 लाख 43 हजार 911 रुपये की राशि अवशेष की राशि है, जिसकी वसूली की जा रही है। स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग द्वारा सभी निकायों का संपरीक्षा कार्य सम्पादित करते हुए मप्र स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम-1973 के प्रावधान अनुसार संपरीक्षा शुल्क भारित किया है। संपरीक्षा विभाग शुल्क की राशि नियत समयावधि में निर्धारित कर शासन को जमा कराता है। संभागायुक्त ने कहा कि ऑडिट आपत्तियों की राशि सभी विभाग तत्काल जमा करायें। यदि किसी विभाग में गबन हुआ है तो गबनकर्ता के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराकर गबन की राशि वसूली जाये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने गबन की राशि जमा करा दी है वे उसकी जानकारी स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय को अनिवार्य रूप से दें। बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अम्बाह थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**आगामी त्यौहारो को घरों में रहकर ही मनाये... थाना प्रभारी रबिन्द्र सिह**

**केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**



अम्बाह । थाना परिसर अम्बाह में आगामी त्यौहार डोल ग्यारस, गणेश चतुर्थी,नवदुर्गा महोत्सव,मोहर्रम आदि को मद्देनजर रखते हुए शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे नायब तहसीलदार मनीष दुबे थाना प्रभारी रबिन्द्र सिह. उप निरीक्षक रिषीकेश शर्मा टीडी शुक्ला मुन्शी सिह एकाउन्डेट नगरपालिका जेई बिधुत नीरज लूनियॉ व बिक्रान्त धुर्वे भूपैन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे इस मौके पर थाना प्रभारी रबिन्द्र सिह ने कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप अभी पूरी तरह खत्म नही हुआ और उसी को ध्यान में रखते हुए आप सभी लोग याद रखे कि इन सारे त्यौहारो में ज्यादा लोगो को एकत्रित न करे यदि किसी व्यक्ति को त्यौहार मनाना है तो कोराना गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुऐ 15/30 की पण्डाल लगाकर शोशल दूरी रखकर परिवार वालो के साथ पूजा पाठ इत्यादि कर शांतिपूर्वक त्यौहारो को मनाये इस मौके पर लाउड स्पीकर 10 बजे बाद बिल्कुल न बजाये अगर इस गाइन की अबैहलना करते हुऐ पाये गये तो कारबाही निश्चत समझे इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति गजेन्द्र सिह तोमर खेम सिह भदौरिया कंचन चौहान सुग्रीब सिह गोलू भदौरिया रामेश्वर सिह एवं नगर के गणमान्य नागरिक व पत्रकार बंधु प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिहोना थाना प्रभारी ने बचाई घायल युवक की जान,घायल युवक के तड़पने का तमाशा देख रहे थे लोग

**मिहोना थाना प्रभारी ने दिखाई दरियादिली घायल को अपने बहान से लेकर पहुँचे सिविल अस्पताल लहार**

**पुष्पांजली टुडे**
**लहार(अर्पित गुप्ता)**

मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी निजी काम से दबोह की तरफ कहीं जा रहे थे तभी काँक्सी सरकार हनुमानजी मंदिर मोड़ के पास एक बाइक सबार बुरी तरह से घायल होकर सडक़ किनारे पड़ा हुआ तड़प रहा था जहां आसपास के चरवाहे जमघट लगाए खड़े हुए थे और तमाशबीन बने हुए थे तभी भीड़ को देखकर थाना प्रभारी वहां रुके ओर घायल युवक की परिस्थिति को देखकर स्वयं उसे उठाकर अपनी गाड़ी में लेटाया ओर लहार लेकर चले तो उन्होंने रास्ते से ही थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया को फोन लगाया और स्थिति से अबगत कराया लहार थाना प्रभारी द्वारा तुरन्त अपने उपनिरीक्षक आदिल खान एवम आरक्षक अनिल मिश्रा को भेजा जिन्होंने अज्ञात युवक को थाना प्रभारी मिहोना संजय सोनी के साथ सिविल अस्पताल में भर्ती कराने में मदद की युवक की शिनाख्त अंगद बघेल मेहरा बुजुर्ग के रूप में की गई।



**दिया सकारात्मक संदेश:** मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी ने घायल युवक की न सिर्फ जान बचाई बल्कि लोगों को भी संदेश दिया कि घायल लोगों को अस्पताल पहुँचाने में देरी न करके, कई मौकों पर पुलिस कार्रवाई के डर से लोग घायलों को सडक़ पर छोडक़र आगे बढ़ जाते हैं जिससे लोगों की जान भी चली जाती है।

# पंवार समाज संगठन की भव्य मांदी का आयोजन दहेगांव में संपन्न

**महेंद्र पटेल पंवार समाज के अध्यक्ष वहीं भुपेश कटरे युवा पवार समाज के अध्यक्ष मनोनीत**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** पवार समाज की मांदी का आयोजन जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम दहेगांव के सामुदायिक भवन में किया गया। मांदी बैठक का उद्येश्य पवार क्षत्रिय समाज जनों में संपर्क जोडकर तथा एकता के सुत्र में बांधकर क्षेत्रीय एकता सुदृढ करना तथा संगठन का विस्तारीकरण कर संगठन को मजबूत बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम समारोह में पधारे अतिथियों और समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ राजा भोज एवम पंवार समाज की आराध्य देवी मां वाग्देवी गढ़कालिका माता की विधि-विधान पूर्वक पूजन एवं माल्यार्पण के साथ मां गढ़कालिका देवी की आरती के साथ की गई। तदोपरांत कार्यक्रम स्थल सामुदायिक मंगल भवन , दहेगांव लांजी में पहुंचे मुख्य अतिथी श्री मुरलीधरजी टेंभरे अध्यक्ष राष्ट्रीय पवार महासभा, श्री खीरसागर जी पारधी अध्यक्ष जिला पवार समाज बालाघाट, श्री अशोक जी बिसेन उपाध्यक्ष पवार राष्ट्रीय महासभा, श्री आर.सी.अंबुलेजी अध्यक्ष राजाभोज समिती बालाघाट, श्री शेषरामजी रहांगडाले कोषाध्यक्ष जिला पवार समाज, श्री दिलीपजी रहांगडाले अध्यक्ष पवार युवा संगठन बालाघाट एवं गणमान्य लोगों का पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। पवार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष श्री महेंद्र पटेल के व्दारा गुलाब पुष्पों से उपस्थित महानुभावों का सामूहिक स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों को महेंद्र पटेल के द्वारा संबोधित किया गया। वहीं बारी बारी से सभी अतिथियों के द्वारा समाज हित में अपने अपने विचार व्यक्त किए। तदपश्चात स्वल्पाहार ग्रहण किया गया। राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष श्री मुरलीधर टेंभरे ने महासभा व्दारा उठाए गये मंडल स्थापना के ऐतिहासिक कदम की पार्श्वभूमि अपने प्रास्ताविक भाषण में रखी। जिसमें पंवार समाज के उद्भव से लेकर सभी गतिविधियों पर बारिकी से अपनी बात रखी।





**शपथ ग्रहण के साथ इन विषयों पर हुई विशेष चर्चा:** मडल स्थापना - विधि सभी उपस्थित महानुभावों के बीच सम्पन्न हुए कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह के साथ प्रमुखता से इन बिन्दुओं पर विचार रखें गये। तथा पंवार क्षत्रिय समाज के सांस्कृतिक रितीरिवाजों एवं मूल्यों की रक्षा करना। पंवार क्षत्रिय समाज के युवा एवं महिला वर्गो में शिक्षा का प्रचार कर प्रगती पथ पर अग्रेसर करना। पवार क्षत्रिय समाज के सर्वांगीण विकास हेतू विभिन्न योजनाएं संचालित करना। पवार क्षत्रिय समाज के इतिहास एवं संस्कृति की गरीमा बनाये रखना तथा समाज जनों को समय समय पर मागदर्शन करना । पवार क्षत्रिय समाज को आधुनिक , सामाजिक , शैक्षणिक , व्यासायिक तथा औद्योगिक विकास से अवगत कराना । कृषकों की खुशहाली हेतु कृषी विकास की विभिन्न योजनाएँ / कार्यक्रम क्रियान्वित करना । विभिन्न पवार संगठनों के संचालन , कार्यक्रमों पर निगरानी एवं नियंत्रण रखना तथा समस्याओं का निराकरण और समय समय पर मागदर्शन / दिशानिर्देश करना।

**संगठन में इन्हें मिलीं बड़ी जिम्मेदारी:** पंवार समाज संगठन लांजी के विस्तारीकरण के पश्चात पंवार समाज के वरिष्ठ नागरिक गण की अनूसंसा में श्री महेंद्र चमरू लाल पटेल दहेगांव अध्यक्ष पवार समाज संगठन के द्वारा संगठन विस्तार कर उपाध्यक्ष के लिए खेमराज ठाकरे कुल्पा मूलचंद पटेल चिखलमली रामलाल चौहान केरेगांव युवराज पटले पाथरगांव संतोष गौतम मनेरी, कोषाध्यक्ष श्री कमल किशोर ठाकरे देवल गांव , सचिव देवेश येडे कलपाथरी, संगठन सचिव बसंत हरिनखेडे कुलपा देवेंद्र पटेल उमरी, सह सचिव भक्तराज हरिनखेड़े उमरी मीडिया प्रभारी संजय टेंभरे, सदस्य सुशील टेंभरे लाडसा थानेंद्र ठाकरे देवलगांव राधेश्याम बिसेन सिंगोला गौरी शंकर पटले दहेगाँव दिनेश तुरकर परसवाड़ा पूरनलाल जयतवार लांजी मोहन पारधी अंबेड़ा गणेश हरिनखेड थानेगांव रोहित चौहान जीवनारा , संरक्षण में संरक्षणकर्ता श्री नीलचंद हरिनखेड़े, श्री परसराम पटले, पैकराम पटेल, मधुभाउ टेंभरे, मोहनलाल एड़े, मेघराज एडे एवं रामेश्वर चौहान जी को मनोनीत किया गया। पवार समाज संरक्षण समिति की अनुशंसा पर युवा पवार संगठन में इन्हें मिलीं जिम्मेदारी पंवार समाज संगठन की बैठक मांदी पश्चात संरक्षण समिति एवं पंवार संगठन के दिशा-निर्देश पर श्री भुपेश शंकरलाल कटरे घोटी घुसमारा को युवा संगठन का अध्यक्ष , संगठन मंत्री पंकज चौधरी लांजी, कोषाध्यक्ष राहुल बिसेन कोसमारा, उपाध्यक्ष नेहल गौतम जिवनारा प्रेमसिंह गौतम सावरीकला पृफुल्ल एडे पाथरगांव मुकेश कोल्हे ज्योतसिंह रंहागडाले, संगठन सह-महामंत्री नविन टेंभरे, सचिव नितिन हरिणखेड़े, मिडिया प्रभारी मोहित राणा, रितेश कटरे को मनोनीत किया गया।

## वन-टू-वन

### तामीनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज का शॉल ओंढाकर किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**हैदराबाद**—भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द वह सघंठन के युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रमेश भायल, सीरवी समाज ट्रस्ट श्री आईमाताजी मन्दिर कोरुमुला हैदराबाद पहुचने पर सीरवी समाज ट्रस्ट कोरुमुला हैदराबाद के अध्यक्ष कालुराम काग ,वह सचिव डयाराम सीरवी समाज गणमान्य पदाधिकारियों ने स्वामी तेजानन्द व रमेश भायल का साफा वह शॉल से स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में स्वामी तेजानन्द ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी व्यापारी बन्धु इमानदारी से व्यापार करे साथ ही स्वामी तेजानन्द ने आन्द्रप्रेदश वह तेलंगाना के व्यापारियों को भरोसा दिया कि आपको अगर व्यापार मे किसी की परेशानी आती है तो हम आपको न्याय दिलाने के लिए 24घण्टे त्यार है साथ ही स्वामी तेजानन्द सभी प्रवासीयो से मनुष्य जीवन मे सभी तरह के नशीले पदार्थो का त्याग करने का आवाहन किया ।



### जब कोई काम ना आया, तब खाखी ने अपना फर्ज निभाया।

**थाना सकरौली पुलिस द्वारा अपने घर का रास्ता भूली एक वृद्ध माता को सकुशल पहुचाया उनके घर**

एटा आज दिनांक 09.09.2021 को समय करीब 14ः00 बजे थानाध्यक्ष सत्यवीर सिंह मय हमराह पुलिस बल जलेसर इसोली रोड, छपेरा चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तो उनकी नजर एक बुजुर्ग वृद्ध माता जी पर पड़ी जो कि काफी परेशान नजर आरही थी। माता जी के पास जाकर उनकी परेशानी का कारण पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम कोमल पत्नी स्वर्गीय मान पाल सिंह निवासी नीमखेड़ा बताया और कहा कि मैं सुबह घर से किसी काम से निकली थी और वापस घर जाते समय रास्ता भटक गई हूँ ओर बहुत परेशान हूं। माताजी की समस्या को देखते हुए थानाध्यक्ष सकरौली द्वारा तत्काल माता जी के बताए हुए पते तक जाने वाली बस में बिठा कर माता जी को ऊनके घर पहुचाया गया। थाना सकरौली पुलिस द्वारा किए गए कार्य की आम जनमानस द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।



# मौ में हुई चोरी की घटना को देखकर लहार पुलिस सतर्क

**लहार थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में बैंकों एवम सराफा में कराई चेकिंग**

**अर्पिता गुप्ता**
**पुष्पांजली टुडे**

भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधी मार्केट में अज्ञात बदमाशों द्वारा हुई चोरी की घटना को लेकर आज लहार पुलिस सतर्क नजर आयी और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एवम एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया ने लहार कस्बे में सभी बैंकों को चेक किया वहाँ के सी.सी.टीव्ही कैमरों को चेक किया जहां कैमरे सही नही पाए गए उन्हें कैमरे सही करबाने की समझाइस दी गयी उसके बाद लहार पुलिस का एक जत्था सराफा बाजार में पहुँचा ओर वहां दुकानों में जो कैमरे लगे उन्हें चेक किया जहां कैमरे नही थे उन्हें लगाने की हिदायत दी और जिनके कैमरे सिर्फ दुकानों के अंदर लगे थे उनसे कैमरे बहार करने की अपील की उसके बाद लहार में सामान लेकर घूमने बालो की भी चेकिंग की गई ओर लहार नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस नजर आयी ।




**सुनिये क्या बोले अधिकारी:** जले के मौ थाने में हुई चोरी की घटना को लेकर श्री मान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज बैंक एवम सराफा बाजार को चेक कराया गया वहां घूमने बाले संदिग्धों को चिन्हित करके जल्द ही उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यबाही की जाएगी ब्यापारियों से अपील की गई है कि अपनी दुकानों के बहार कैमरे अबश्य लगबायें जिससे चोरी जैसी बारदातों को रोका जा सके।

**कुशल सिंह भदौरिया**
**थाना प्रभारी लहार**

# ओम बन्ना धाम पर निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन।



**बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा सामाजिक धर्म(फिरोज खान)**

**पुष्पांजली टुडे**

पाली रोहट ः जोधपुर पाली हाईवे के प्रबंधन एवं खंड पाली के अधिशाषी अभियंता संजय माथुर के मार्गदर्शन में ओमबन्ना धाम पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर आम जन के स्वास्थ्य की जांच की गई। पैरा मेडिकल स्टाफ अंकित पवार के द्वारा श्रद्धालुओं की निशुल्क जांच कर जोडो के दर्द खांसी सर्दीबुखार आदि होने पर स्वस्थ रहने के उपाय बताए।इस मौके पर पुरुषो, महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर जरूरतमंदों को निश्शुल्क दवा का वितरण किया गया। सीएसआर मैनेजर फिरोज़ खान ने बताया कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही बुजुर्गों को स्वस्थ्य रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं,आगे भी इस तरह के आयोजन किए जायेंगे. इस मौके पर रूट पेट्रोलिंग इंचार्ज हनुमान यादव, बाबू देवासी सचिन गिरी, डॉक्टर अंकित पवार, शिवपुरी ओमबन्ना धाम के कर्मचारी गणपत पंवार,घिसु सिंह, उम्मेद राम, गोपी राम, मांगूसिंह आदि मौजुद रहे।



# राजीव गांधी ग्रामीण मोबाइल वाहन पहुंची गांव खरोकडा, 50 मरीजों की जांच

**पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली खरोकडा /** ग्रामीण क्षेत्र में मेडिकल सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से चलाई जा रही राजीव गांधी ग्रामीण मेडिकल वाहन खरोकडा के आखिरया चौक पर मरीज की जांच कर आयोजन शिविर करती नजर आई। डॉ.आनंद वर्मा द्वारा मरीजो की जांच की गई वहीं स्टाफ द्वारा 50 से ज्यादा मरीजों की जांच होना बताया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक 50 से अधिक मरीजों की जांच की जा चुकी है। महीने में प्रत्येक दिन अलग-अलग गांव में जाकर मौसमी व अन्य बीमारियों की जांच करने वाले इस वाहन के मेडिकल टीम में ड्राइवर शांतिलाल सहित 4 लोग उपस्थित थे।

# गुर्जर प्रतिहार वंश ने अरब के इस्लामिक आक्रांताओ से 300 वर्षों तक धर्म और संस्कृति की रक्षा की ः मुकेश गुर्जर



**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता**
**पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव ।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के द्वारा *नगर परिसर मेहगांव नाथू बाबा मन्दिर* में अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर मुकेश गुर्जर छुन्ना राष्ट्रीय संग टन सदस्य ने कहा कि गुर्जर प्रतिहार वंश ने अरब के इस्लामिक आक्रांता उसे 300 वर्षो तक धर्म और संस्कृति की रक्षा की । भारत के इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के योगदान को एक षडयंत्र के तहत दबाया गया है। आज के नौजवान बच्चे बहुत मेहनत करके अपने इतिहास को खोज करके ला रहे है। गुर्जर समाज के हर गांव में गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति लगाने व चौक नामकरण करने की मोहिम शुरू हो तभी समाज मे एकजुटता और जागृति आएगी इस अवसर पर बिसंबर सिंह अजमेर सिंह एडवोकेट इन्द्र भान सिंह कल्याण सिंह उदय सिंह रामवीर सिंह राजेश सिंह जय गुर्जर लाखन सिंह रिंकू सतेंद्र सिंह राजवीर सिंह मनीष शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## भवरकुआं थाने के पास स्थित होटल 25 आवर्स किया गया सील



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**इंदौर।**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वच्छ इंदौर सुरक्षित इंदौर के संकल्प को सार्थक रूप देने के लिए कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में इंदौर जिले में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के तहत भवरकुआं थाना के पास स्थित होटल 25 आवर्स सील कर दिया गया। अपर कलेक्टर श्री पवन जैन ने बताया कि होटल में संदेहास्पद गतिविधियां संचालित की जा रही थी। यहां पर रुक रहे लोगों की आइडेंटिटी भी स्पष्ट नहीं थी। जिले की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त होटल को आज सील कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# खेरागढ़ में सहायक उपकरण पाकर खिल उठे दिव्यांगों के चेहरे

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन गुरुवार को खेरागढ़ खण्ड विकास कार्यालय के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेरागढ़ विधायक महेश गोयल ने किया गया। शिविर में कुल 125 दिव्यांगजनों की जांच कर उपकरण बाटे गए। विधायक खेरागढ़ ने कहा कि सरकार द्वारा यहां के दिव्यांगजनों के विकास के लिए पूर्व से ही प्रयास किए जा रहे हैं। निरन्तर शिविरो का आयोजन कर उपकरण का वितरण कराया जा रहा है। तहसील के सभी ब्लाकों में दिव्यांगजन चिह्नींकरण किया गया है। शिविर में कुल 125 दिव्यांगजनों की जांच कर रजिस्ट्रेशन किया गया। उसके आधार पर दिव्यांगजनो को 100 ट्राई सायकिल, 10 व्हीलचेयर, 10 पैर वैसाखी, 5 कान मशीन दिए गए। विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से दिव्यांग खिलाड़ियों ने पैराओलंपिक में 19 मेडल जीतकर देश के सभी दिव्यांगों में जोश की नई ऊर्जा का संचार करते हुए, देश मे दिव्यांगों की अलग पहचान बना दी है। यह देश के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार, खेरागढ़ मंडल अध्यक्ष नगर मोहन गोयल, देहात श्यामवीर सिंह, सैंया राजवीर सिंह बघेल, भाजपा विधानसभा संयोजक विजयपाल सिंह, खेरागढ़ पूर्व मंडल अध्यक्ष होतम सिंह सिकरवार, सैंया धर्मवीर सिंह, मंडल मंत्री उदय प्रताप सिंह, कार्यकर्ता गजराज सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक राकेश सिंघल, जिला मंत्री रामसेवक त्यागी, पदम सिंह तौमर, महेश गर्ग, सतेंद्र शर्मा, लाखन सिंह, दिव्यांग कल्याण विभाग उप निदेशक राकेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सुमंत कुमार यादव सहित सैकड़ो दिव्यांग उपस्थित रहे।









# संभाग आयुक्त ने एक हजार बिस्तर के अस्पताल के साथ ही जेएएच का किया निरीक्षण

### एक हजार बिस्तर के अस्पताल में 250 पलंगों का अस्पताल शीघ्र प्रारंभ होगा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बन रहे एक हजार बिस्तर के अस्पताल में 250 पलंग का अस्पताल शीघ्र प्रारंभ होगा। अस्पताल प्रारंभ करने की सभी व्यवस्थायें 20 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना ने दिए हैं। उन्होंने गुरूवार को एक हजार बिस्तर के अस्पताल, सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, कमलाराजा अस्पताल के साथ ही रेडक्रॉस के माध्यम से मानसिक आरोग्यशाला की महिलाओं के लिये संचालित लाँग स्टे होम का भी अवलोकन किया। संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने जेएएच परिसर पहुँचकर सर्वप्रथम एक हजार बिस्तर के अस्पताल का अवलोकन किया। उन्होंने पीआईयू सेल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 250 बिस्तर के अस्पताल का शुभारंभ शीघ्र किया जाना है। 20 सितम्बर तक सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली जाएँ। निरीक्षण के दौरान डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. समीर गुप्ता, अधीक्षक जेएएच डॉ. आर के एस धाकड़, पीआईयू सेल के श्री अष्ठपुत्रे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त सक्सेना ने निरीक्षण के दौरान डीन मेडीकल कॉलेज एवं अधीक्षक जेएएच से कहा है कि 250 बिस्तर के अस्पताल के संचालन के लिये पलंगों के साथ-साथ उपकरणों की व्यवस्था और आईसीयू की सभी व्यवस्थायें भी पूर्ण कर ली जाएँ। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि एक हजार बिस्तर के अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था भी शीघ्र प्रारंभ की जाए। ताकि 250 बिस्तर के अस्पताल के संचालन के बाद पार्किंग की कोई समस्या न आए। संभागीय आयुक्त सक्सेना ने इसके पश्चात सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल पहुँचकर वहाँ की व्यवसथाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हों यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों का मानव सेवा के लिये बेहतर उपयोग हो, इसके लिये भी कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कमलाराजा अस्पताल का भी निरीक्षण किया और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**लाँग स्टे होम का किया अवलोकनः** संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस समिति के माध्यम से संचालित लाँग स्टे होम का भी अवलोकन किया। मानसिक आरोग्यशाला में स्वस्थ हुई महिलाओं को अस्पताल के बाहर अच्छे वातावरण में जब तक उनके परिजन उन्हें ले नहीं जाते तब तक रूकने के लिये लाँग स्टे होम का संचालन किया जा रहा है। संभागीय आयुक्त सक्सेना ने रेडक्रॉस समिति के सचिव आर पी शर्मा से लाँग स्टे होम में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं के लिये संचालित स्टे होम की व्यवस्था के साथ पुरूषों के लिये भी नया स्टे होम संचालित करने की बात कही। उन्होंने गुरूवार दोपहर को मानसिक आरोग्यशाला का भी अवलोकन किया और मानसिक आरोग्यशाला के सामने संचालित रैन बसेरा को देखा। रैन बसेरा में पुरूषों के लिये लाँग स्टे होम संचालित करने की बात भी कही। डीन मेडीकल कॉलेज एवं अधीक्षक जेएएच ने अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए सुधार कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## नैनो न्यूज

### जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी ने किया निशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन



**ग्वालियर।** जेसीआई द्वारा 9 -15 सितंबर तक जेसी सप्ताह मनाया जाता है इसके अंतर्गत 9 सितम्बर गुरुवार को 11 - 5 बजे तक जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी द्वारा निशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया यह आयोजन कैनरा बैंक के पास , दाल बाज़ार में किया गया , इसमें ग्वालियर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं इसमें 102 लोगों का निःशुल्क वैक्सीनेशन हुआ , वैक्सीनेशन करवाने का उद्देश्य यह है कि ग्वालियर शहर को 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके , आज के शिविर की कार्यक्रम संयोजिका जेसी ऊषा मित्तल , कार्यक्रम समन्वयक जेसी ममता अग्रवाल एवं अध्यक्षता जेसी रुचि अग्रवाल ने की और आभार मानसेवी सचिव जेसी ज्योति अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जेसी ममता अग्रवाल , जेसी श्वेता गुप्ता एवं सदस्य जेसी सुजाता अग्रवाल , जेसी मोना शर्मा आदि उपस्थित थी , यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी जेसी पुष्पा कोठारी ने दी ।

### उप जेल में कैदी फांसी पर झूला



**ग्वालियर।** जिले की डबरा उप जेल में हत्या के आरोप में सजा काट रहे एक कैदी ने बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिछोर क्षेत्र के ग्राम छपरा निवासी कमल शाक्य हत्या के आरोप में डबरा उप जेल में सजा काट रहा था। बीती शाम कैदियों की गिनती के बाद सभी बैरक में चले गए। तड़के 4ः00 बजे करीब संत्री जब बैरक के सामने से निकला तो खिड़की से कमल शाक्य का शव फांसी से लटका हुआ था ।संत्री ने उसकी नब्ज देखी तो उसकी मौत हो चुकी थी। कमल कैदी ने खिड़की से चादर और नाड़े से फांसी का फंदा बनाया था ।

### महाराज बाडे से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**ग्वालियर।** सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा आज गुरुवार को महाराज बाडे पर फुटपाथ पर सामान रखकर मार्ग अवरुद्ध कर व्यवसाय कर रहे व्यवसाईयों को हटवाया गया तथा उनका सामान जप्त किया गया। मदाखलत अधिकारी दक्षिण विधानसभा सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर निगम मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज गुरुवार को हुजरात कोतवाली थाना के पुलिस बल के साथ महाराज बाडा एवं आस पास के क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध कर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया।

### आधा लाख की शराब सहित चार गिरफ्तार

**ग्वालियर।** देहात की बिलाआ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से आधा लाख कीमत की शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिल व पुलिस को सूचना मिली कि तिराहे के पास कुछ लोग अवैध शराब लेकर आ रहे हैं ।इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 50,000 कीमत की शराब बरामद की है।

# पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का बीजेपी पर निशानाः बोले- सिंधिया के लालच के चलते गिरी कांग्रेस सरकार

**ग्वालियर।** सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के लालच के चलते कांग्रेस सरकार गिरी है, जिसका दुष्परिणाम लोगों को झेलना पड़ रहा है। ये बात ग्वालियर में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने एक बैठक के दौरान कही। राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ हुई मीटिंग में आगामी उपचुनावों में पांचों सीटें जीतने का दावा भी किया। ग्वालियर-चंबल में बढ़ती सक्रियता के सवाल पर कहा कि वर्तमान में कोई राजा, महाराजा नहीं है मैं किसी का विकल्प नहीं बन रहा हूं, अंचल में कई बड़े नेता हैं। पूरे प्रदेश में कांग्रेस जनता के मुद्दे को उठा रही है, हम लोग लगातार सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे है, हमारी लड़ाई सरकार से है हम जनता की लड़ाई लड़ रहे है, जनता महंगाई से परेशान है

**किसानों को नहीं, सिंधिया समर्थक MLA को मिल रहा फायदाः** जयवर्धन ने कहा कि ये अफसोस की बात है कि सिंधिया ने बीजेपी से सौदा किया, जिसके कारण किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ। आज किसानों को किसान ऋण माफी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। 17 महीने की बीजेपी सरकार में केवल सिंधिया के विधायकों को लाभ मिला है। ग्वालियर-चंबल हो या प्रदेश का कोई भी इलाका सभी जगह जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है



### ऊर्जा मंत्री को दी सलाह

जयवर्धन सिंह ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि तोमर बिजली विभाग के कर्मचारियों को उनका काम करने दें। तोमर खुद बिजली विभाग का काम करने लग जाते है। वो छोड़कर बिजली के बिलों में बढ़ोत्तरी हो रही है उस पर ध्यान दें। बिजली के भारी भरकम बिल आ रहे है जो बिल नहीं चुका पा रहे है उनके कनेक्शन काटे जा रहे है। आम जनता में भय का माहौल है। साथ ही कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को सरकार एक महीने बाद भी मुआवजा नहीं दे पाई है। 15 महीने में कमलनाथ सरकार ने माफिया पर लगाम लगाई थी लेकिन बीजेपी की सरकार आते ही माफिया फिर सक्रिय हो गए है।

# कलेक्टर सिंह ने लिधौरा पहुँचकर लिया टीकाकरण अभियान का जायजा, दिए निर्देश

### प्रयास ऐसे हों कि कोई भी व्यक्ति कोरोना टीकाकरण से वंचित न रहे

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण के उद्देश्य से 10 दिवसीय अभियान जारी है। जिसके तहत बीएलओ, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम घर-घर दस्तक देकर शेष लोगों को टीका लगवाने के लिये प्रेरित कर रही हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को डबरा जनपद पंचायत के लिधौरा ग्राम में पहुँचकर अभियान की वस्तुस्थिति जानी। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान सर्वे कर रही टीम को निर्देश दिए कि हमारे प्रयास ऐसे हों कि गाँव का कोई भी व्यक्ति कोरोना टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा यदि किसी घर का कोई सदस्य नौकरी या काम के सिलसिले में बाहर चला गया हो तो उसके बारे में भी जानकारी एकत्रित करें। साथ ही टेलीफोन से संपर्क कर उस व्यक्ति का भी उसी शहर में टीकाकरण करवाएँ।



भ्रमण के दौरान एसडीएम डबरा प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे।

**जिस घर में टीकाकरण से कोई व्यक्ति शेष है तो क्रॉस का निशान लगाएँः** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने लिधौरा ग्राम के भ्रमण के दौरान यह भी निर्देश दिए कि घर-घर संपर्क के दौरान जिन घरों में कोई सदस्य टीकाकरण से शेष मिले तो उस घर पर क्रॉस (ङ्ग) का निशान लगाएँ। साथ ही उस सदस्य को टीका लगवाने के बाद सही (?) का निशान प्रदर्शित कराएँ, जिससे स्पष्ट हो सके कि सभी घरों में टीके लग गए हैं।

**जिले में बुधवार तक दोनों डोज के 16 लाख 13 हजार 667 टीके लगे :** ग्वालियर जिले में बुधवार तक 16 लाख 13 हजार 667 कोरोना वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इनमें 12 लाख 17 हजार 426 प्रथम डोज और 3 लाख 96 हजार 241 द्वितीय डोज लग चुके हैं। ज्ञात हो जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 16 लाख 29 हजार 489 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य है। इस प्रकार लगभग 4 लाख लोगों को प्रथम डोज के टीके लगाए जाना शेष हैं।

**राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर फसल नुकसान सर्वे की वस्तुस्थिति जानीः** ग्रामीण अंचल के भ्रमण पर गए कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने डबरा एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से चर्चा कर डबरा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित हुई फसलों के सर्वे के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों तथा अन्य विभागीय योजनाओं के तहत सभी तरह की मदद दिलाना सुनिश्चित करें।

### केन्द्रीय मंत्री तोमर के निर्देश पर आलू अनुसंधान केन्द्र की 110 एकड़ जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को देने के लिए एनओसी जारी



**ग्वालियर।** ग्वालियर के लिये बड़ी खुशखबरी है। ग्वालियर में जल्द ही राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट का विस्तार और भव्य एयर टर्मिनल का निर्माण होगा। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए जमीन उपलब्ध हो गई है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के निर्देश पर केन्द्रीय कृषि मंत्रालय से संबद्ध आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) ने ग्वालियर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए आलू अनुसंधान केन्द्र ग्वालियर की 110 एकड़ जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार को आवंटित करने के लिये एनओसी जारी कर दी है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के हॉर्टिकल्चर साइंस डिवीजन द्वारा आलू अनुसंधान केन्द्र की यह जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को आवंटित करने के लिए एनओसी जारी करने के संबंध में ग्वालियर कलेक्टर को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है।

### छात्रा की आंखों में मिर्ची झोंक कर पर्स लूट कर भागा बदमाश दबोचा

**ग्वालियर।** बाजार से घर जा रही छात्रा की आंखों में मिर्ची झोंक कर एक बदमाश उसका पर्स लूट कर भागा तभी छात्रा ने शोर मचा दिया और राहगीरों ने पीछा कर बदमाश को दबोच लिया ।पहले लोगों ने बदमाश की धुनाई की इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के मेवाती मोहल्ला निवासी मुस्कान 17 साल पुत्री याद मोहम्मद बाड़े स्थित पार्लर से घर जा रही थी। तभी ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास एक युवक आया और मुस्कान की आंखों में मिर्ची झोंक कर उसका पर्स लूट कर भागा। पर्स में मोबाइल तथा कागजात थे। उसी समय छात्रा ने शोर मचा दिया तभी राहगीरों ने पीछा कर पर्स लूटकर भाग रहे बदमाश को दबोच लिया। लोगों ने पहले उसकी पिटाई की बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

# कांग्रेस ने निगम मुख्यालय पर किया जंगी प्रदर्शन
## 15 दिनों में जनसमस्याओं का करें निराकरण



**जनसमस्याओं का निराकरण नहीं होने पर किया जायेगा संभागीय आयुक्त और कलेक्टर का घेराव**

**ग्वालियर।** जब तक मेरे शरीर में खून की एक-एक बूंद है, तब तक कॉग्रेस पार्टी का झण्डा बुलंद करते हुए मैं ग्वालियर पूर्व क्षेत्र की जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। जनता को वुनियादी सुविधाएं मिलें इसके लिए में सडक़ से विधानसभा तक जीवन की आखरी सांस तक जनसेवा करता रहूंगा। आम नागरिकों, महिलाओं, बहनों, और यूवाओं का मुझे मिल रहा स्नेह और आर्षीवाद ही मेरी ताकत और पुंजी है। यह उदगार ग्वालियर पूर्व से जुझारू कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने निगम मुख्यालय पर आयोजित धरने में उमड़े जन सैलाव को संबोधित करते हुए व्यक्त किए, विधायक डॉ. सिकरवार ने अपने उदबोधन में कहा कि अगर जनसमस्याओं का निराकरण तय समय 15 दिन में समाधान नहीं किया गया तो प्रशासक नगर निगम, संभागीय आयुक्त तथा कलेक्टर के खिलाफ आंदोलन कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में घेरा डालो, डेरा डालो और नींद हराम आंदोलन किया जायेगा। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि समस्या ग्रस्त आम जन एवं महिलाओं की उपस्थिति दर्शा रही हे कि जनता परेषान है। टूटी सडक़ें, गंदगी, खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटें, सडक़ों पर बहती सीबर, खाद्यान पर्ची नहीं मिलने, कल्याणी, वृद्ध एवं संबल योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या को उठाता रहूंगा, इसके लिये मुझे कोई भी कीमत चुकाना पड़े।

**जमीन पर भाजपा का सूपड़ा साफ-जयबर्धन सिंहः** कॉग्रेस के कद्धावर नेता पूर्व मंत्री, विधायक जयबर्धन सिंह ने कहा है कि प्रदेश की जनता मंहगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, जनता कॉग्रेस के साथ है, भाजपा का जमीनी आधार पर सूपड़ा साफ है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि गरीबों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीना पड़ रहा है।

# यातायात प्रबंधन की बैठक में कलेक्टर ने निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**ग्वालियर।** शहर के यातायात प्रबंधन के लिये आयोजित बैठक में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम के अपर आयुक्त एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने कहा कि यातायात सुगम हो, इसके लिये निगम और विद्युत विभाग तत्परता से कार्रवाई करे अन्यथा दण्डात्मक कार्रवाई के लिये तैयार रहें। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित यातायात प्रबंधन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, एडीएम रिंकेश वैश्य, एडिशनल एसपी सुश्री हितिका वात्सल्य, एसडीएम प्रदीप तोमर एवं नगर निगम के अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि दाल बाजार एवं लोहिया बाजार में यातायात वन-वे किया जाए। इसके साथ ही अस्पताल रोड़ पर अवैध रूप से पार्किंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। यातायात प्रबंधन के लिये पुलिस विभाग द्वारा क्रेन की आवश्यकता बताई जाने पर कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निगम की दो और क्रेन पुलिस विभाग को सौंपी जाएं। इसके साथ ही जो क्रेन खराब है, उसको तत्काल ठीक कराने की कार्रवाई भी निगम करे।



यातायात में बाधित विद्युत पोल तथा सड़क पर अव्यवस्थित सीवर चेम्बर के फोटो प्रजेण्टेशन के माध्यम से दिखाए जाने पर कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम के अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निगम को यह अवरूद्ध दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने राजेश श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि वे लिखित में बॉण्ड भरें कि यह कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करा लिया जाएगा।

### पात्र हितग्राही को समय पर मिले शासन की योजनाओ का लाभः ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर हाथठेला, कामकाजी, पेंशन, मजदूरी व आयुष्मान के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि आपका सेवक आपकी सेवा में हमेशा तैयार है किसी भी व्यक्ति को राशन या अन्य कार्यों के लिए ऑफिसों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं हैं। आपके नजदीक जाकर आपको शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर वार्ड 6,7,8,9 व 10 के हाथठेला व कामकाजी, मजदूरी कार्ड, आयुष्मान व राशन की पात्रता पर्ची के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार आपकी समस्या के निराकरण के लिए आपके क्षेत्र में केंप आयोजित कर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही कहा कि जबसे आपका सेवक आया है तब से लगभग 10 हजार परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची दी जा चुकी है। आंगे भी पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची दी जायेंगी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि शहर में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। ग्वालियर सिविल अस्पताल बनकर तैयार है, इसके साथ ही बिरला नगर प्रसूति गृह का कार्य चालू हो चुका है साथ ही एक और अस्पताल किशन बाग की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्वालियर में तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है क्षेत्र के नागरिकों को घर के नजदीक ही निशुल्क और बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इसके लिए संजीवनी क्लीनिक कांचमील, पीएचई कॉलोनी, संगीत विद्यालय वार्ड-1 के पास बनी क्लीनिक पर आमजनों को निशुल्क प्राथमिक इलाज की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर हम सभी का है, इसको साफ सुधरा रखने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। इसलिए हमें प्रण करना चाहिए कि अपने आस-पास की जगहों पर गंदगी न होने दें तथा कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें जिससे हमारा शहर तो स्वच्छ बनेगा ही साथ ही हम कई बीमारियों से भी बचेगें।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478